आषाढ़ कृष्ण पक्ष -प्रतिपदा, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 16 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

06 जुलाई 2024 शनिवार

आज का मौसम

27 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## 24 घंटे से लगातार बरसात श्योपुर में बाढ़ के हालात



भोपाल दोपहर मेट्रो/एजेंसी

मप्र के कई इलाकों में पिछले 24 घंटे घंटे से तेज बारिश से हालात बिगडने लगे हैं। श्योपुर में बाढ की नौबत है। बड़ौदा नगर अब तक 13 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। घरों, स्कूलों, थाना और अस्पताल में पानी भर चुका है। लोग रातभर से छतों पर बैठे हुए हैं। एसडीओपी कार्यालय और थाना तक खाली करना पड़ा है। सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी बह रहा है। कलेक्टर और एसपी ने हालात का जायजा लिया है। एसडीआरएफ की टीम को बड़ौदा में तैनात है। श्योपुर का राजस्थान के कोटा और बारां से संपर्क भी टूट गया है।

इधर छतरपुर के श्रीजटाशंकर धाम का झरना और शिवपुरी में भदैया कुंड का झरना फूट गया। ग्वालियर में शुक्रवार रात से बारिश हो रही है। शहर के लोहा मंडी कोटा वाला मोहल्ले में आज सुबह एक खाली मकान की ऊपरी मंजिल गिर गई। आज भी ग्वालियर-चंबल में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग का कहना है कि दो ट्रफ और तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन की एक्टिविटी प्रदेश में देखने को मिल रही है। इस वजह से प्रदेशभर में आंधी और बारिश का मौसम है।

## महिलाओं के लिए सरकार कर रही विशेष प्रावधान

नई दिल्ली , एजेंसी।

केंद्रीय बजट में इस बार कई सेक्टर और सेगमेंट सब्सिडी, टैक्स राहत और अन्य सब्सिडी की उम्मीद बढ रही है। माना जा रहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपनी टीम के साथ बजट में महिलाओं को सशक्त बनाने कुछ बड़े ऐलान कर सकती हैं। कुछ पॉलिसी को लेकर भी बदलाव होंगे। इसमें सब्सिडी में बढ़ोतरी और महत्वपूर्ण वस्तुओं की लागत को कम करने पर फोकस हो सकता है।

दरअसल फरवरी में अंतरिम बजट 2024 के दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने खुलासा किया था कि मुद्रा योजना के तहत 30 करोड़ रुपये के लोन महिला उद्यमियों को वितरित किए गए हैं। इसके अलावा, 83 लाख स्वयं सहायता समूह ( C H G ) और एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए समर्पित हैं। अब एक्सपर्ट्स का मानना है कि पूर्ण बजट 2024 में महिलाओं की बेहतरी के लिए सब्सिडी लागू करना और महत्वपूर्ण वस्तुओं की कीमतों को कम करने के लिए टैक्स में अतिरिक्त छूट दी जा सकती है। रसोई गैस से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं पर सब्सिडी दिया जा सकता है।

### साढ़े पांच करोड़ पौधे लगाने का अभियान शुरू, भोपाल में 12 लाख का लक्ष्य

# अब मोहन सरकार का ग्रीन मिशन अहम पड़ाव अमरवाड़ा इलेक्शन

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र में विधानसभा का सत्र समाप्त होने और बजट पारित हो जाने के बाद आज सरकार ने साढ़े पांच करोड पौधे लगाने का अभियान शुरू किया। मुखयमंत्री मोहन यादव ने राजधानी के जंबूरी मैदान पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। शहर समेत सूबे के हर हिस्से में पौधे लगाने के लिये आज दिनभर मिशन चलेगा और यह सिलसिला अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। भोपाल में 12 लाख पौधे रोपे जाएंगे।

मुख्यमंत्री यादव ने भोपाल के जंबूरी मैदान में आज आंवले का पौधा रोपा। इसी के साथ उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत कर दी। गौरतलब है कि मप्र सरकार ने काफी पहले ही साढे पांच करोड पौधे लगाने की घोषणा की थी, बाद में पीएम मोदी द्वारा 'एक पेड मां के नाम' अभियान के ऐलान के बाद दोनों अभियानों को समाहित कर लिया गया है। भोपाल में ही 12 लाख पौधे लगाने में सबसे बड़ी भूमिका वन विभाग की रहेगी जो 9 लाख पौधे रोपेगा। आज जंबूरी मैदान में हुए कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, राज्यमंत्री राधा सिंह, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय मौजूद रहे।





सीएम ने आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास भवन में निर्मित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह का लोकार्पण भी किया।

### अब अमरवाड़ा के लिए कूच

मप्र विधानसभा में बजट पारित हो जाने और मानसून सत्र की समाप्ति के बाद सत्तापक्ष व विपक्ष के बीच संघर्ष का नया पडाव छिंदवाडा जिले का अमरवाडा विधानसभा क्षेत्र बन रहा है। यहां दोनों पक्ष पूरी ताकत झोंकने लगे हैं यहां अगले तीन दिन महत्वपूर्ण हैं। आज भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा अमरवाडा में प्रचार के लिये पहुंच रहे हैं तो कांग्रेस के पूर्व सांसद नकुलनाथ कई समर्थकों व नेताओं के साथ यहां प्रचार कर रहे हैं। कमलनाथ ने भी तीन दिन यहां डेरा डालकर जनसंपर्क किया था तो इसके अगले दिन मुख्यमंत्री यादव ने यहां रात्रि विश्राम किया व लोगों से संपर्क किया।



### कांग्रेस का फिर दो दिनी मंथन

**भोपाल ।** कांग्रेस ने संगठन को कसने और मैदानी गतिविध बढाने की गरज से फिर दो दिनी मंथन शुरू किया है। इसके लिये प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह, अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की उपस्थिति में आज व कल 7 जुलाई को बैठकें चलेंगी। इसमें पार्टी के सभी विधायकों और चुनाव में हारे उम्मीदवारों को भी बुलाया गया है।

## ब्रिटेन के बाद अब ईरान में बड़ा उलटफेर सुधारवादी नेता ने जीता राष्ट्रपति चुनाव

तेहरान , एजेंसी।

ईरान के राष्ट्रपति चुनाव का नतीजा चौंकाने वाला रहा है। रिफॉर्मिस्ट मसूद पेजेशकियान ने राष्ट्रपति का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने कट्टरपंथी माने जाने वाले उम्मीदवार सईद जलीली को मात दी है। चुनाव में उन्होंने ईरान को पश्चिमी देशों से जोड़ने का वादा किया था, जो दशकों से अमेरिकी नेतृत्व के साथ टकराव में है। सुधारवादी नेता पेजेशकियान को 16.3 मिलियन वोट पड़े हैं, जबकि हार्डलाइनर यानी कट्टरपंथी उम्मीदवार सईद जलीली को 13.5 मिलियन वोट मिले। पेजेशकियान पेशे से एक हार्ट सर्जन हैं और लंबे समय से सांसद रहे हैं। उन्होंने अब देश की सत्ता में बड़े बदलाव का नेतृत्व किया है। ईरान के पूर्व परमाणु निगोशियेटर के रूप में मशहूर सईद जलीली, सुप्रीम लीडर के करीबी माने जाते हैं, जिन्हें हार का सामना करना पड़ा है। माना जा रहा है कि पेजेशकियान की जीत के बाद ईरान में कुछ बहुत बड़ा बदलाव होगा, इसकी उम्मीद कम है, क्योंकि खुद पेजेशकियान वादा



कर चुके हैं कि उनके कार्यकाल में देश के शिया धर्मतंत्र में कोई आमूलचूल बदलाव नहीं किया जाएगा। ईरान में सुप्रीम लीडर की बात पत्थर की लकीर मानी जाती है। हालांकि वह पश्चिम के साथ ईरान के बेहतर संबंध की वकालत करते रहे हैं, जिनके प्रतिबंधों से देश का आज खस्ता हाल है। ईरान में समय से पहले राष्ट्रपति का चुनाव इसलिये कराना पड़ा क्योंकि इब्राहिम रईसी की राष्ट्रपति रहते एक हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई थी. नियमों के मुताबिक, ऐसी स्थिति में 50 दिनों के भीतर राष्ट्रपति के चुनाव का प्रावधान है।

## राहुल दिल्ली स्टेशन पर जिन लोको पायलट से मिले वह 'असल' नहीं!

नई दिल्ली , एजेंसी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जिन 50 लोको पायलट्स से मुलाकात की और उनकी परेशानियों को जाना, उस मामले में नया मोड आ गया है। राहुल के रेलव स्टेशन के दौरे को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दावा किया कि राहुल गांधी ने जिन लोको पायलटों से मुलाकात की, वे कहीं और से लाए गए थे और वे भारतीय रेलवे लॉबी से नहीं थे। रेलवे के मुताबिक, राहुल गांधी 8 कैमरामैन के साथ नई दिल्ली स्टेशन पहुंचे थे। पीआरओ ने कहा कि रेलवे द्वारा एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें दावा किया गया है कि राहुल अपने साथ कुछ कैमरामैन लेकर आए थे और रील बनाते हुए देखे गए हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'ऐसा लगता है कि तीसरी बार असफल हुए राहुल गांधी दोपहर में लोको पायलटों से मिलने गए, उनके साथ




आठ कैमरामैन और एक निर्देशक भी थे। आप उनकी गिनती कर सकते हैं। इससे भी ज़्यादा अजीब बात यह है कि वे रियल लोको पायलटों से नहीं मिले, पूरी संभावना है कि वे पेशेवर अभिनेता थे, जिन्हें उनकी टीम ने बुलाया था।'

## टमाटर फिर होने लगा लाल, थाली भी महंगी

**नई दिल्ली ।** टमाटर, प्याज और आलू फिर रसोई घर का बजट बिगाड़ने पर आमदा लग रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर से लेकर अन्य सूबे में भी खुदरा बाजार में टमाटर के दाम 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंचने लगे हैं। बताया जाता है कि भीषण गर्मी से टमाटर की आवक पर असर पड़ा है। वहीं, आलू 40 व प्याज 50 रुपये किलो तक पहुंच चुका है। उपभोक्ता मंत्रालय के मुताबिक, टमाटर की औसत कीमत 58.25 रुपये किलो है। जबकि शहरों में दाम 130 रुपये तक पहुंच चुके हैं। एनसीआर में मदर डेयरी के सफल स्टोर्स में टमाटर 75 रुपये किलो है।



टमाटर, आलू और प्याज की बढ़ती कीमतों का सीधा असर दूसरे महीने भी शाकाहारी थाली पर देखा गया है। जून में शाकाहारी थाली सालाना आधार पर 10 प्रतिशत महंगी होकर 29.40 रुपये हो गई है। जून 2023 में इसकी कीमत 26.7 रुपये थी। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, मई में 27.80 रुपये की तुलना में कीमत 5.75प्रतिशत बढ़ी है।

## अब बाइडन की उम्मीदवारी पर संकट, कमला बनेगी दावेदार

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आ रहे हैं और डेमोक्रेट पार्टी एक अलग समस्या से जूझ रही है। दरअसल राष्ट्रपति जो बाइडन की दोबारा दावेदारी पर सवाल हैं और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेमोक्रेट पार्टी अब उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तरफ देख रही है। डेमोक्रेट पार्टी के कई नेता, दानदाता और पार्टी कार्यकर्ता मानते हैं कि जो बाइडन, ट्रंप के सामने कमजोर रह सकते हैं, यही वजह है कि अब जो बाइडन की जगह कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाने पर विचार किया जा रहा है। बीते दिनों अटलांटा में हुई राष्टपति पद की पहली बहस में जो बाइडन, डोनाल्ड ट्रंप के सामने कमजोर साबित हुए थे। बहस के दौरान कई बार बाइडन की जुबान लडखड़ाई और जिस तरह से उन्होंने जवाब दिए, उसके बाद से उनकी बढ़ती उम्र की चर्चा फिर से तेज हो गई थी। हालांकि बाइडन अपनी उम्मीदवारी छोडने के लिए तैयार नहीं है।



**मेट्रो एंकर**

### समस्या से जूझते ब्रिटेन में अमीरी बनी करारी हार की वजह

# सुनक का निजी जेट, पत्नी ब्रिटेन की बिल गेट्स...!

नई दिल्ली , एजेंसी।

ब्रिटेन के चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार और भारतीय मूल के पीएम ऋषि सुनक को पद से उतरने को मजबूर होना ऐसा मामला है,जिसकी परतें अब उधड रही हैं। सुनक ने 25 अक्टूबर 2022,को ब्रिटेन के पीएम आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपनी पत्नी और कुत्ते के साथ पहला कदम रखा था, उन्हें अपनी ही पार्टी की अंतर्कलह की वजह से प्रधानमंत्री की कुर्सी मिली थी। लेकिन अब 620 दिन बाद सुनक लंदन की उसी 10 डाउनिंग स्ट्रीट से अपने परिवार के साथ बाहर आकर अपनी हार कबूल करना पड़ी है। उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को 14 साल बाद चुनाव में हार मिली है। उनकी चुनावी हार से पहले ही सरकार में इस्तीफों की झड़ी लग गई थी। साल भर में 3 मंत्रियों और 78 सांसदों ने इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

इसकी वजहें यह भी है कि ब्रिटेन कई समस्याओं से जूझ रहा है लेकिन सुनक की लाइफस्टाइल से देशवासी नाराज हो उठे थे। दरअसल बीबीसी रेडियो को एक बार इंटरव्यू दे सुनक से जब प्रेजेंटर ने पूछा- आप हमेशा क्लाइमेट चेंज रोकने की बातें करते हैं। दूसरी तरफ, देश के अंदर यात्रा के लिए भी प्राइवेट जेट का इस्तेमाल करते हैं। इससे भी तो कार्बन इमिशन यानी कार्बन उत्सर्जन होता है।इस सवाल पर सुनक बुरी तरह नाराज हो गए। उन्होंने कहा- मैं अपने वक्त का सबसे सही इस्तेमाल करना चाहता हूं। अच्छा होगा आप इस मसले पर सवाल करने से ज्यादा, इसके हल पर बात करें।



दरअसल कई बार सुनक के महंगी लाइफ स्टाइल पर सवाल उठे । उनके वित्त मंत्री रहते हुए भी वे कई बार अपनी महंगी लाइफस्टाइल को लेकर आलोचनाओं का शिकार हुए थे। 2020 में वे 20 हजार रुपए के कॉफी मग के साथ स्पॉट हुए थे।

### सुनक की लग्जरी लाइफ वोटर्स को रास न आई

सुनक ने 2022 में एक हफ्ते के भीतर प्राइवेट जेट से ट्रैवल के लिए 5 करोड़ रुपए से ज्यादा सरकारी पैसा खर्च किया था। इसके चलते विपक्ष उन पर टैक्सपेयर्स के पैसों की बर्बादी का आरोप लगाता रहा है। विपक्ष कई मौकों पर इस मुद्दे को उठाता रहा है कि ब्रिटेन की जनता महंगाई की मार झेल रही है। वहीं, सुनक की पत्नी को ब्रिटेन की बिल गेट्स कहा जाता है। ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन की सबसे अमीर महिला हैं। वे भारतीय आईटी टाइकून नारायण कृष्णमूर्ति की बेटी हैं। संडे टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में सुनक और अक्षता की संपत्ति में 1200 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। उनकी कुल संपत्ति बढ़कर 68 हजार करोड़ रुपए हो गई। सुनक और अक्षता ब्रिटेन के महाराजा से भी अमीर हैं।



## साइकल ट्रैक पर कहीं पेड़ है तो कहीं सरिए, नहीं ले रहा ननि सुध

भोपाल। होशंगाबाद रोड किनारे नगर निगम द्वारा दोनों तरफ बनाए गए साइकल ट्रैक पर अभी भी एक दर्जन से ज्यादा जगह पर अवरोध बने हुए हैं। इनमें से कुछ तो इतने खतरनाक हैं कि इनसे टकराकर कोई भी घायल हो सकता है। इसके चलते साइकल चालकों को परेशानी हो रही है। ट्रैक की शुरुआत के समय ही इन अवरोध को हटाया जाना था, लेकिन यह अब तक हटाए नहीं गए हैं।









### दो दिन बसें नहीं चलने से लाखों लोग रहे परेशान

# बार-बार थम रहे सिटी बसों के पहिए, अब फजीहत हो रही नागरिकों की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में सिटी बसों के पहिये थमे रहने से दो दिन से लोग परेशान हैं। आज भी बसों के चलने के आसार सुबह से कम ही रहे । 10 मार्गों पर दौड़ने वाली 149 सिटी बसों के पहिये गुरुवार को थम गये थे। इस वजह से लगभग एक लाख यात्रियों को रोज परेशान होना पड़ा। दरअसल टिकट एजेंसी 'चलो एप' ने प्रति किलोमीटर दी जाने वाली राशि घटाने की मांग की। इसके चलते बस आपरेटर मां एसोसिएट ने भी बसें डिपो से नहीं निकाली। इस कारण से बसों का संचालन नहीं किया। वहीं बीसीएलएल भी इस मामले में सुलह नहीं करा पाया है। सिटी बसों की यह समस्या बार बार नागरिकों को भोगनी पड रही है। इससे पहले जून में करीब सात दिन तक बसें नहीं चली थी। कंडक्टर-ड्राइवरों ने पीएफ की राशि जमा नहीं किए जाने के मामले में हड़ताल की थी। यह मामला जैसे-तैसे सुलझा और कुछ दिन बसें चली ही थी कि गुरुवार को फिर से



इनके पहिये थम गए। बीसीएलएल (भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड) के अधिकारियों ने बताया कि बसों के संचालन के दो सिस्टम है। एक बस आपरेटर है और दूसरा टिकट आपरेटर। टिकट आपरेटर- चलो एप ने निर्धारित राशि घटाने की मांग की है। शुक्रवार को मामला सुलझाने का प्रयास किया गया है लेकिन हल नहीं हो सका है। उम्मीद है कि शनिवार से बसों का संचालन शुरू करवा दिया जाएगा।

यह बसें बैरागढ़ चीचली, करोंद, अयोध्या नगर, भौंरी, मंडीदीप, कोकता, लालघाटी, चिरायु अस्पताल, मिसरोद, एयरपोर्ट, गांधीनगर सहित अनेक क्षेत्रों में जाती हैं। बस आपरेटर और टिकट एजेंसी के बीच खींचतान के कारण 115, 113, 116, 205, 204, 208, एसआर -8, टीआर - 1, 311 और 106 रूट पर चलने वाली बसें नहीं चली। बसें नहीं चलने से नौकरीपेशा महिलाओं, कालेज विद्यार्थियों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। दरअसल वह इन बसों के जरिए ही आवागमन करते हैं। अब ऐसे में बसें नहीं चलीं तो उनको जाने के लिए अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ा। ऐसे में यदि बसें अधिक समय तक नहीं चलीं तो लोगों के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है।

## पेट से साढ़े तीन किलों की गांठ निकली



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के एक 28 वर्षीय के पेट से करीब साढे तीन किलों की गठान निकालकर डाक्टरों की टीम ने उसे लगातार दर्द व अन्य तकलीफों से राहत दिलाई है। यह युवक चार साल से पेट में गठन होने से पीड़ित था। ट्रिनिटी मल्टीस्टीस्पीलिटी हॉस्पिटल में डॉ स्नेहा निनामा से परामर्श के बाद पेट में क़रीब 16 ङ्ग 13.5 सेमी की गठन पायी गई। जो अंदरूनी तौर पे काफ़ी फैली हुई थी। इसने आँतो एवं किडनी की नली को जकड़ा हुआ था, इससे मरीज की किडनी में सूजन बढ रही थी। ऑपरेशन में डॉ अंकुर पाठक , डॉ स्नेहा निनामा ( सर्जन ), डॉ ज्योति प्रहलंगनी ( एनेस्थेटिस्ट )और गौरीशंकर,शामिल थे। सर्जरी में दो घंटे में इस जटिल सर्जरी को पूर्ण किया गया। सर्जरी ले बाद मरीज़ बिलकुल स्वस्थ है।

# वृक्ष का स्थान मानव जीवन में मां की तरह है : प्रो. सी.सी. त्रिपाठी

### एक पेड़ मां के नामश् अभियान के तहत निटर भोपाल में किया गया पौधरोपण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया और लोगों से आग्रह किया कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें। इसी कड़ी में निटर भोपाल ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए संस्थान परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम रखा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा कि वृक्ष का स्थान मानव जीवन में मां की तरह है। मां की आंचल में जिस तरह बच्चा सुरक्षित रहता है, उसी तरह वृक्ष के आंचल में धरती एवं वातावरण सुरक्षित रहता है। ऐसे अभियान पर्यावरण को खुशहाल और सकारात्मक बनाते हैं। ऐसे में पौधारोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचाएंगे बल्कि वनीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मां के नाम पेड़ लगाने से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी। मैं सभी से



इस अभियान से जुड़ने की अपील करता हूँ। पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करना होगा।

## भाभा विवि में पौधारोपण



**भाभा** विवि के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों द्वारा हरियाली अमावस के अवसर पर अंकुर अभियान की शुरुआत करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में पौधे का रोपण किया गया जिस मे चंपा, चमेली, मोगरा, रातरानी मधुमालती केतकी जैसे लगभग पचास (तीन से चार फीट वाले)पौधे लगाए गए एवम आंवला बिज रोपित किए गए।

## एम्स ने किया फिस्टुला का आयुर्वेदिक पध्दति से इलाज

**भोपाल।** एलोपैथी में तमाम उपचार और सर्जरियों के बाद भी रोगियों को लाभ नहीं मिलता है तो भारतीय आयुष पद्धति कारगर सिद्ध हो जाती है। एम्स में भी जर्मनी की महिला के मामले में यही हुआ। यहां के आयुष विभाग में जर्मनी से आई 32 वर्षीय महिला का क्षार सूत्र पद्धति से फिस्टुला का सफल इलाज किया गया। वह जर्मनी में उपचार लेने और सर्जरी कराने के बाद भी ठीक नहीं हो पा रही थी तो इस पद्धति से उपचार की जानकारी लेकर यहां आई और पांच माह तक यहां रुककर एम्स में उपचार कराया। दरअसल एम्स भोपाल के आयुष विभाग में बवासीर, फिस्टुला, फिशर और पाइलोनिडल साइनस जैसी समस्याओं के लिए आयुर्वेद ओपीडी में क्षार सूत्र पद्धति से उपचार किया जा रहा है। यह उपचार अब विदेशों तक में प्रसिद्ध हो रहा है, जिससे एम्स भोपाल अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहा है। फिस्टुला का इलाज क्षार सूत्र विधि द्वारा केवल भारत में ही किया जाता है।

## बाल आयोग की टीम पहुंची मदरसा बिना पंजीयन हो रहा था संचालित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र बाल आयोग की टीम ने राजधानी के पांच नंबर स्थित माचना कॉलोनी में सिद्दीकिया दारुल उलूम मदरसा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मदरसा रविवार की जगह शुक्रवार को बंद मिला। जबकि नियम के अनुसार रविवार को छुट्टी रहना चाहिए, लेकिन शुक्रवार को छुट्टी की जा रही है। डॉ. निवेदिता शर्मा ने बताया कि निरीक्षण में सामने आया है कि मदरसा बोर्ड में पंजीकृत नहीं है। सिर्फ सोसायटी का पंजीयन कराया गया है। बच्चों को स्कूल नहीं भेजा रहा है और यहां आने वाले बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित हैं। ऐसे में अब मदरसा पर आगे की कार्यवाही के लिए शासन को पत्र लिखेंगे।

**आंगनवाड़ी केंद्र भी पहुंची टीम:** इसके बाद बाल आयोग की टीम 6 नंबर स्थित



आंगनवाड़ी केंद्र 1011 पर पहुंची। यहां मध्याह्न भोजन की जांच की। बाल आयोग की सदस्य डॉक्टर निवेदिता ने कहा कि यहां बच्चों की देखभाल भी सही तरीके से हो रही है। वॉशरूम में पानी की समस्या को सही कराने कहा गया है। इस केंद्र में 3 से 6 उम्र के 29 और 0 से 3 साल के 49 वर्ष के बच्चे पंजीकृत हैं।

## हरियाली उत्सव में खाली जगहों पर रोपे जा रहे पौधे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति के कार्यकर्ताओं ने हरियाली उत्सव में शुक्रवार को संतनगर में कई जगहों पर पौधे रोपे। बोरवन पार्क, आंगनवाडी केन्द्र, नगर पालिका निगम, बूड़ाखेडा एवं संत कॉलेज में पौधे रोपे। सीताफल, गेंदा, अमरुद, जामुन, बरगद एवं पीपल के पौधे रोपे गये। पौधारोपण करने वालों में बोरवन क्लब के जगदीश आसवानी, बजरंग सेना समिति के रुप कुमार सोनी, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, कमलेश देवानी, राजकुमार गर्ग, राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, राजेश केवलानी, गुरदास रामचंदानी, राजकुमार धानुक, वासुमल देवानी उपस्थित थे।




## श्री झूलेलाल चालीहा मेले की तैयारियां तेज, कार्यक्रम तय, 16 से शुरूआत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब उत्सव समिति संतनगर एवं मप्र सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा भगवान झूलेलाल चालीहा साहिब मेले का शुभारंभ 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे से झूलेलाल मंदिर एच वार्ड संतनगर में होगा।

समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ में भगवान झूलेलाल के बहिराणा साहिब की ज्योति प्रज्वलित कर एवं 40 दिवसीय अखंड ज्योत प्रज्वलित कर भजन कीर्तन, अखो साहिब, आरती, सुखो सेसा, पल्लव के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। प्रसाद के उपरांत बहिराणा साहिब की ज्योति शीतलदास की बगिया कमला पार्क विसर्जन घाट पर देश की एकता, अखंडता, खुशहाली के लिए भगवान झूलेलाल जल देवता की प्रार्थना कर बहिराणा साहिब की ज्योति विसर्जन की जाएगी।

यह कार्यक्रम लगातार 40 दिन तक प्रथम दिवस को छोड़कर हर शाम को 6 बजे झूलेलाल मंदिर में बहिराणा साहिब की ज्योति प्रज्जवलित कर अखो साहिब को रात्रि 8 बजे आरतीए पल्लव के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। बहिराणा साहिब की ज्योति प्रतिदिन शीतलदास की बगिया कमला पार्क पर पूजा अर्चना कर विसर्जन की जाएगी। कार्यक्रम में सांई सुल्तानपुर वाले लख्मीगिरी एवं सांई बंटी गिरी साहिब अपना आशी प्रवचन देंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर शर्मा, विधायक होंगे, अध्यक्षता विधायक



भगवानदास सबनानी ने करेंगे। विशिष्ठ अतिथि अशोक मारण, पार्षद, पूज्य सिंधी पंचायत महासचिव माधू चांदवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बसंल रेनवाल, भाजपा नेता कन्हैयालाल इसरानी, दिनेश वाधवानी अध्यक्ष झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट होंगे।

**मेट्रो एंकर**

### 'समाजसेवियों के लिए थद्धरामजी के व्यक्तित्व अनुकरणीय'

# थद्धारामजी को याद किया संतनगर में सेवा कार्य और पौधारोपण

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

समाजसेवी, पूर्व उप महापौर थद्धाराम ज्ञानंचदानी की 36वीं पुण्य तिथि सेवा कार्य, पौधारोपण एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समाजसेवियों ने संतनगर के लिए किए श्रद्धारामजी के कार्यों एवं सेवाभावी व्यक्तित्व को याद किया।

पूज्य सिंधी पंचायत ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी ने थद्धारामजी के व्यक्तित्व को रेखांकित किया। शिक्षाविद विष्णु गेहाणी ने कहा कि थद्धाराम ज्ञानचंदानी महान शख्सियत के धनी थे, वे संत हिरदाराम साहिबजी के शिष्य थे और स्वामीजी के सेवा के बताए रास्ते पर उम्र भरे चले। थद्धारामजी के पुत्र एवं संतजी के शिष्य हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि हम अपने पिताजी के बताए मार्ग पर चलकर सेवा भाव का कार्य कर रहे है। एमआईसी सदस्य व पार्षद राजेश हिंगोरानी ने कहा कि ज्ञानचंदानी के सेवा कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिलोक दीपानी ने कहा कि श्रद्धारामजी ने उप महापौर रहते हुए उन्होंने कई समस्याओं का निराकरण कराया। मुकेश महाराज ने कहा कि उन्होंने हमेशा जनता के काम किए तथा राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया राजनीति में रहकर उन्होंने कभी भी अहंकार नहीं किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी, पार्षद अशोक मारण, वासदेव वाधवानी, आनंद सबधाणी, कन्हैया इसरानी, बसंत चेलानी,गुलाब जेठानी, डॉ. टीके ज्ञानचंदानीए जगदीश आसवानी, राज मनवानी, हीरो इसरानी, नरेन्द्र लालवानी, घनश्याम लालवानी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष भरत आसवानी, उपाध्यक्ष नंद कुमार दादलानी, मोहन मीरचंदानी, हरीश मेहरचंदानी व बड़ी संख्या में संतनगर के विशिष्ठजन मौजूद रहे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



### भोजन का वितरण

थद्धारामजी की पुण्य तिथि पर एम्स परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य सामाजिक संस्था जनसंवेदना के माध्यम से किया गया। समाजसेवी एवं जनसंवेदना के कार्यकर्ताओं ने मरीजों के स्वस्थ होने की कामना की।



### थद्धारामजी के नाम रोपा पौधा

बजरंग सेना समिति ने श्रद्धारामजी की पुण्य तिथि पर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में एक पौधा थद्धाराम ज्ञानचंदानीजी के नाम का रोपन किया। इस अवसर पर समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी, कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी, बजरंग सेना समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली के बिल मार रहे करंट उपभोक्ताओं की सुनवाई नहीं

## विधानसभा में भी हो चुका है बिजली से जुड़े मुद्दों पर हंगामा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बिजली के बिल करंट मार रहे हैं और उपभोक्ताओं की सुनवाई नहीं हो रही है परेशानी इस कदर बढ़ चुकी है कि मामला विधानसभा के पटल पर पहुंचा। विपक्ष के विधायकों ने गिन–गिनकर बिजली से जुड़ी समस्याएं गिनाई। तब भी सुधार नहीं दिख रहा है। उपभोक्ता परेशान है, क्योंकि एक बार जो बिल फट चुका है उसमें कोई सुधार करने को तैयार नहीं है।



प्रदेश में डेढ़ करोड़ से अधिक उपभोक्ता है, करीब साढ़े चार लाख उपभोक्ता भोपाल शहर में रहते हैं। इनमें से हजारों उपभोक्ताओं को पिछले एक महीने से जो बिल बांटे जा रहे हैं, उनमें से कई शिकायत कर चुके हैं कि बिल खपत से अधिक आया है, जिसमें सुधार नहीं किया जा रहा है। यह लापरवाही पहली नहीं है, बल्कि इसके पूर्व में भी सामने आ चुकी है। तब कंपनी ने व्यवस्था बनाई थी कि जो रीडिंग ली जा रही है, उसका सत्यापन अधिकारी भी करेंगे, उसके बाद ही उपभोक्ताओं को बिल जारी होंगे। यह पूरी व्यवस्था ऑनलाइन थी, तब भी बिलों में गड़बड़ी नहीं रूक रही है।

### बिलों में गड़बड़ी के कंपनी के पास हजारों मामलें

एक दो नहीं बल्कि बिलों में गड़बड़ी के बिजली कंपनियों के पास हजारों उदाहरण है। जिनके संबंध में कंपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर रही है। विधायकों ने आरोप लगाए कि एक तो बिजली नहीं दी जाती और बिलों में गड़बड़ी कर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है।

### बिजली कटौती ने भी रूलाया

गर्मी हो या बारिश प्रदेश में बिजली की कटौती ने भी परेशानी बढ़ा रखी है। विधानसभा के सामने इस तरह की शिकायतें भी पहुंची थी। विपक्ष के विधायकों ने कहा कि घंटों बिजली नहीं मिल रही है, जबकि वादा किया था कि गांव में 24 घंटे और खेत में 10 घंटे बिजली देंगे। एक बार ट्रांसफार्मर फूंक जाने के बाद 15 से 20 दिन और कई बार तो एक–एक महीने का समय लग जाता है। तब तक लोगों को परेशान होना पड़ता है।

---

**बजट पारित हुआ**

# पांच दिन में समाप्त हो गया 14 बैठकों वाला मानसून सत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मप्र विधानसभा का मानसून सत्र पांच दिन में ही समाप्त हो गया। हालांकि इसके आसार दो दिन से नजर आने लगे थे। 19 जुलाई तक चलने वाले सत्र में 14 बैठकें होनी थीं, पर पांच बैठकें ही हो पाई। इस बीच नौ विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए गए।दो दिन की चर्चा के बाद तीन लाख 65 हजार 67 करोड़ रुपये का वर्ष 2024-25 का प्रदेश का बजट भी पारित किया गया। अब राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस बजट का उपयोग किया किया जा सकेगा। हालांकि निर्धारित अवधि से पहले अनिश्चितकाल के लिए सत्र स्थगित करने पर विपक्ष ने नाराजगी जाहिर की। विपक्ष के सदस्य राष्ट्रगान के पहले ही सदन से बाहर चले गए। कांगेस जिस नर्सिंग घोटाले पर सरकार को घेरना चाहती थी, उस पर चर्चा का पर्याप्त समय मिला लेकिन फिर भी विपक्ष ने बजट भाषण के दौरान पूरे समय हंगामा किया। मानसून सत्र में पहले दिन से ही विपक्ष ने शोर-शराबा किया। बहिगर्मन भी किया। नर्सिंग कॉलेजों में हुए फर्जीवाड़े पर ध्यानाकर्षण में चार घंटे की चर्चा के बाद भी विपक्ष चर्चा कराने पर अड़ा रहा। तीन जुलाई को प्रस्तुत किए गए बजट को लेकर गुरुवार और शुक्रवार को सदन में चर्चा हुई।इस दौरान में विपक्ष ने कर्ज का बोझ, भ्रष्टाचार, महंगाई, कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा। बजट पर चर्चा के लिए दोनों दिन बैठकों का समय बढ़ाया गया। गुरुवार को रात 10 बजे तक सदन चला। उधर, विपक्ष के आक्रामक रुख के बाद भी विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदस्यों को बोलने के लिए पर्याप्त अवसर दिया। बजट पर कांग्रेस के हंगामें के बावजूद स्पीकर ने विपक्ष के खिलाफ लाए गए निंदा प्रस्ताव को पारित करने से परहेज किया।

---

# नामांकन प्रक्रिया में बदलाव: आधार कार्ड मिलने की अधिकतम समय सीमा अब छह माह

## तीन स्तरीय सत्यापन भी यूआईडीएआई ने किया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ( यूआईडीएआई ) ने आयु समूह के आधार नामांकन के लिए ब?ा बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत अब आधार नामांकन के बाद राष्ट्रीय, राज्य और जिला यानी स्थानीय स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के व्यक्ति के आधार नामांकन पर कार्ड मिलने की अधिकतम समयसीमा छह महीने निर्धारित की गई है। जानकारों का कहना है कि सुरक्षा संबंधी सभी पहलुओं को देखते हुए नई व्यवस्था की गई है। आधार योजना के पहले चरण में 2010-11 में नामांकन के बाद जिन लोगों ने आधार बनवाए थे, तब निजी एजेंसियों के पास भी आधार बनाने का जिम्मा था। तब आवेदक द्वारा दी गई मौखिक जानकारी के आधार पर ही नामांकन कर लिए गए थे। इनमें से कुछ आधार फर्जी होना पाया गया था। भोपाल में भी कुछ मामले सामने आए थे।



### पहले बेंगलुरु पहुंचेगा डाटा

जिस आधार सेवा केंद्र से नामांकन कराया जाएगा, उस केंद्र से डाटा यूआइडीएआइ के डाटा सेंटर बेंगलुरु पहुंचेगा। वहां से सत्यापन के लिए इसे राजधानी भेजा जाएगा। इसके बाद राजधानी से संबंधित जिले में भेजा जाएगा। इन तीन स्तरों पर सत्यापन के बाद ही संबंधित व्यक्ति को आधार कार्ड मिल सकेगा। राज्य स्तर और जिला स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

---

# सिंगल क्लिक से सीएम ने हितग्राहियों को भेजे साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**


मुख्यमंत्री मोहन यादव ने टीकमगढ़ जिले के छिपरी में सरकार की चार बड़ी योजनाओं के तहत 2.89 करोड़ हितग्राहियों के बैंक खातों में 3575 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया। साथ ही छिपरी में 51 फीट ऊंची सदाशिव प्रतिमा का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना की तरह ही मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जितनी राशि केंद्र सरकार किसानों के खाते में साल भर में डालती है, उतनी ही राशि मध्यप्रदेश सरकार भी किसानों के हित में उनके बैंक खाते में डालती है। जिस प्रकार सेना का जवान देश की सेवा कर रहा है, वैसे ही किसान भी सभी का पेट भरता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के आंसू पोंछने का काम कर रही है। विकसित राज्य बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र खटीक एवं विधायक विधायकद्वय हरिशंकर खटीक एवं अनिल जैन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ धाम में पर्यटन सहित उद्योग धंधे स्थापित करने के भी प्रयास किये जाएंगे। जो लोग उद्योग स्थापित करेंगे उन्हें सुविधाएं भी मुहैया कराई जायेंगी। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि पंडित रविशंकरजी महाराज रावतपुरा सरकार सामाजिक समरसता की मिसाल है। जिस प्रकार वे समाज सेवा और रचनात्मक गतिविधियों के द्वारा राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं, वह अनुकरणीय है।



---

# सभी परीक्षा परिणाम घोषित करने में आगे रहा जबलपुर विश्व विद्यालय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



एनईपी के अंतर्गत आयोजित स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाओं (बी.ए., बी.एस.सी., बी.काम., बी.सी.ए., बी.बी.ए. ) के परिणाम रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दिये गये है। कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा ने बताया कि उक्त परीक्षाओं में लगभग 25000 से अधिक छात्र सम्मिलित हुये थे। छात्रों के परीक्षा परिणाम घोषित होने से छात्र आगामी उच्च कक्षाओं में प्रवेश ले सकेंगे । इस प्रकार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एन.ई.पी. स्नातक स्तर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के हित में समय पर परीक्षा एवं समय पर परिणाम घोषित करने में प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बना। इसके अतिरिक्त बी.बी.ए., बी.सी.ए. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के समस्त परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं तथा शेष परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य भी तीव्रगति से जारी है जिनके परिणाम शीघ्र घोषित कर दिये जायेंगे।

---

# सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन में समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें

## गृह विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन में समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिये गृह विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये है। इन आयोजनों में अव्यवस्था या भगदड़ अथवा अन्य दुर्घटनाओं जैसी अप्रिय स्थितियों से निपटने के लिये प्रदेश के सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और भोपाल-इंदौर के पुलिस आयुक्तों को आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिये गये है। इससे प्रदेश में समय-समय पर होने वाले विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं वृहद स्तर पर होने वाले धार्मिक आयोजनों में बेहतर व्यवस्थाएँ हो सकेंगी। साथ ही बेहतर प्रबंधन से सम्भावित दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिल सकेगी। गृह विभाग ने निर्देशित किया है कि आयोजकों को स्पष्ट व लिखित निर्देश जारी करें। प्रशासन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आयोजन स्थल का भ्रमण करें, परिस्थितियों का आंकलन कर संभावित अव्यवस्थाओं को नियंत्रित करने के लिये सभी प्रबंधन किया जाना सुनिश्चित करायें। संभावित भगदड़ को रोकने की समुचित व्यवस्था के लिये आगमन और निर्गम के रास्तों की सुव्यवस्थित बैरिकेडिंग कर एवं विपरीत दिशा में लोगों के अचानक बढ़ती भीड़ को रोकने एवं विपरीत दिशाओं में जाती अत्यधिक भीड़ के बीच होने वाले टकराव को रोकने की भी व्यवस्था की जाये। कार्यक्रम स्थल के सभी सकरे प्रवेश एवं निर्गम द्वारों को चिन्हित कर इनसे प्रवेश एवं निर्गम करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या नियत की जाये।

---

**मेट्रो एंकर** | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई

# ई-पंचायतों की स्थापना के लिए सभी बुनियादी व्यवस्थाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने निर्देश


**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल विभाग की मंत्रालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास राधा सिंह, अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव, संचालक पंचायत राज मनोज पुष्प, आयुक्त मनरेगा कृष्ण चैतन्य सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री पटेल ने कहा कि आगामी समीक्षा बैठकों में सभी जिला पंचायत सीईओ जो भी विशेष प्रयास ग्रामीण विकास के लिए कर रहे हैं उनकी प्रजेंटेशन अनिवार्य रूप से दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिंचाई योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना में सुचारु क्रियान्वयन के लिये प्रत्येक जिले को एक प्रभावी मॉडल तैयार करने का प्रयास करना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ई-पंचायतों की स्थापना के लिए सभी बुनियादी व्यवस्थाओं की आपूर्ति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। सभी पंचायतों में एनआईसी और बीएसएनएल प्रणाली की प्रभावशीलता का आंकलन किया जाए, जहाँ उक्त प्रणाली प्रभावी न हो वहाँ हम वैकल्पिक व्यवस्था की कार्यनीति तैयार कर लें। इसी के साथ ही पंचायतों में कम्प्यूटर सिस्टम की उपलब्धता का भी आंकलन किया जाए।



ग्राम पंचायतों के डिजिटलीकरण का उद्देश्य पंचायतों की कार्य प्रणाली में सुधार लाना और उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है। विगत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मंत्री श्री पटेल द्वारा इंदौर जिला पंचायत सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा ज़िले की चार ग्राम पंचायतों को शत प्रतिशत डिजीलॉकर युक्त बनाने के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की थी। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए सभी अधिकारियों को ग्राम पंचायतों के डिजिटलीकरण के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए गए थे। मंत्री पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए पौध-रोपण एवं जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ज़िलों में रोपे गए पौधों का शत-प्रतिशत सर्वाइवल रेट सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसकी सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी जिला पंचायत सीईओ की रहेगी के लगाए गए सभी पौधें जीवित रहें।



## संपादकीय

# जल्दबाजी में सोरेन, अड़े केजरीवाल

भारतीय राजनीति में कई औचक तस्वीरें बन और बिगड़ रही हैं। ताजा मामले में झारखंड की बात सामयिक है, जहां जमानत पर जेल से बाहर आने के कुछ ही दिनों के भीतर जेएमएम नेता हेमंत सोरेन ने दोबारा मुख्यमंत्री की शपथ ले ली। इस पद पर आने का रास्ता तो जमानत के साथ ही साफ हो गया था। लिहाजा चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जिस जल्दबाजी में उन्होंने शपथ ग्रहण की वह थोडी असमान्य रही। दिक्कत यह है कि कुछ ऐसे सवाल और मुद्दे भी इस मामले से जुड़े हैं जिन्हें फिलवक्त जेएमएम व इंडिया गठबंधन नेता अनदेखा कर रहे हैं। एक बड़ा सवाल तो यही है कि क्या एक खास परिवार से बाहर के लोगों का स्थान जेएमएम में 'फिलर' की तरह है। यानि जब जरूरत हो वे किसी का स्थान भरने आ जाएं और फिर जरूरत पूरी होते ही हटा दिए जाएं। जाहिर है, विपक्ष इसे मुद्दा बनाएगा। आने वाले विधानसभा चुनावों में इस सवाल की असरदार काट तैयार करना जेएमएम के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। दरअसल, हेमंत सोरेन पर लगे आरोपों को लेकर चाहे कुछ भी कहा जाए, यह एक तथ्य है कि देश की एक राष्ट्रीय जांच एजेंसी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर रही है, जिसका झूठ-सच सामने आना अभी बाकी है। सोरेन अभी जमानत पर बाहर आए हैं। खबरें बताती हैं कि ईडी उन्हें मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की सोच रही है। ऐसे में क्या गारंटी कि सुप्रीम कोर्ट से फैसला उनके खिलाफ नहीं आएगा और दोबारा उनके जेल जाने की स्थिति पैदा नहीं होगी? सोरेन ही नहीं, जेएमएम का भी कहना है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है और यह कि लोकसभा चुनावों से ऐन पहले झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजने की जिद के पीछे मंशा यही थी कि राज्य में जेएमएम और विपक्षी गठबंधन इंडिया को ज्यादा सीटें न मिल सकें। अब जब हाईकोर्ट के आदेश से हेमंत सोरेन जेल से बाहर आ गए हैं तो पार्टी, गठबंधन और सरकार उनके योग्य तथा सक्षम नेतृत्व से क्यों वंचित रहें। मगर राजनीतिक जवाबदेही का मुद्दा बहुत ऊपर है। हेमंत सोरेन पर ईडी द्वारा लगाए गए आरोपों की सचाई चाहे जो भी हो, इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि यह एक राजनीतिक मामला भी है। जो व्यक्ति राज्य के मतदाताओं द्वारा चुनी गई सरकार का नेतृत्व कर रहा था, उस पर एक राष्ट्रीय एजेंसी ने गंभीर आरोप लगाए। ऐसे में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले जमानत पर छूटते ही दोबारा पद पर बैठने के बजाय हेमंत यदि लोगों का फिर से विश्वास हासिल करने पर ध्यान देते, तो न केवल उनका कद ऊंचा होता बल्कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों को भी नई ऊंचाई देते और अपने दल के भीतर भी उदाहरण पेश करते, कि उन्हें पद का लोभ नहीं है और वे चंपई सोरेन को काम करने का मौका दे रहे हैं, इससे हेमंत भी खुलकर चुनाव के लिये काम कर पाते। यहां पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के मामला भी बहुत अलग नहीं हैं, वे भी जेल में हैं और सीएम के पद पर भी बने हुए हैं, इसके लिए कोई कानून उन्हें नहीं रोकता, लेकिन बेहतर होता कि वे किसी को अपने उत्तराधिकारी बतौर इस पद पर बैठाते, दिल्ली में बिना सीएम की सरकार चल रही है,हालांकि वहां उपराज्यपाल भी काफी ताकतवर होते हैं और बहुत से फैसलों ले सकते हैं,बावजूद केजरीवाल भी अपने दल पर खुद की पकड़ को कम नहीं करना चाहते, शायद इसीलिए वे पद छोडने से हिचक रहे हैं।

आजकल हाथ जोड़ना ही नहीं
बड़ो से बात करते समय
मोबाइल ना चलाना
भी बहुत बड़ा सम्मान है।

## आज का इतिहास

- 1253 लिथुआनिया के पहले जाने-माने ग्रैंड ड्यूक मिंगुगास, लिथुआनिया के राजा थे, जो उस खिताब को धारण करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे।
- 1411 मिंग राजवंश एडमिरल झेंग वह हिसकंड यात्रा के बाद नानजिंग लौट आए और सिंहल राजा को प्रस्तुत किया, जो कि यिंगल सम्राट को मिंग-कोट युद्ध के दौरान पकड़ लिया गया।
- 1483 हाउस ऑफ यॉर्क के अंतिम राजा और प्लांटगेनेट वंश के अंतिम, रिचर्ड को इंग्लैंड के राजा का ताज पहनाया गया
- 1560 स्कॉटलैंड और इंग्लैंड ने एडिनबर्ग की संधि पर लीथ की घेराबंदी की औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए और स्कॉटिश-फ्रांसीसी औल्डअलायंस की जगह ली।
- 1614 ओटोमन साम्राज्य ने आइलैंडोफ़ माल्टा को जीतने के लिए एक अंतिम प्रयास किया, लेकिन नाइट्स होस्पिटैलर द्वारा वापस पीटा गया।
- 1770 सेस्मे की लड़ाई- रूसी बेड़े ने तुर्की सेना को हराया।
- 1777 फोर्ट ट्रिकेनडरोगेन न्यू यॉर्क में अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-अमेरिकी सैनिकों ने अग्रिम ब्रिटिश सेनाओं से पीछे हट गए, क्योंकि अमेरिकी जनता में अनूपार को व्यापक रूप से अभेद्य माना जाता था।
- 1785 संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए पैसा के रूप में डॉलर को सर्वसम्मति से चुना गया।
- 1809 नेपोलियन की फ्रांसीसी ताकतों ने युद्ध के युद्ध के पांचवें गठबंधन के निर्णायक टकराव में आर्गडुक चार्ल्स के ऑस्ट्रनार्ममी को वग्राम की लड़ाई में हराया।
- 1849 फ्रेडरिकिया की लड़ाई- डेनिश सेना ने फ्रेडरिकिया, जटलैंड में प्रशिया सेना को धराशायी किया, जिससे 1864 तक प्रशियाई / डेनिश युद्ध समाप्त हुआ।

## निशाना

### बाबाओं का चक्कर!



- कृष्णेन्द्र राय

ना रूकते हैं हादसे।
है फैला भ्रमजाल।।
बाबाओं का चक्कर।
बड़ा है सवाल।।
त्रासदी ना रूकती।
बिलख रहे हैं लोग।।
है यह कोई साज़िश।
या फिर है संयोग।।
हुआ नहीं सुधार।
हैं बढ़तीं घटनाएं।।
है यही अपील।
तर्क भी अपनाएं।।
बीतती है जिस पर।
झेलते जो मार।।
दर्द ये भयावह।
कौन ज़िम्मेदार?

# विपक्ष के ईमानदार कर्तव्य से लोकतंत्र को मजबूती

■ विश्वनाथ सचदेव





आखिरकार लोकसभा में विपक्ष के नेता की आवाज सुनाई दे ही गयी। ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी पहले संसद में बोले नहीं, पर तब वह कांग्रेस के एक नेता के रूप में ही बोलते थे, पर अब उनकी आवाज पूरे विपक्ष की आवाज मानी जायेगी और जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है, 'लोकतांत्रिक परंपराओं का तकाज़ा है कि वे नेता प्रतिपक्ष की बात ध्यान से सुनें', सोमवार को लोकसभा में दिये गये राहुल गांधी के भाषण को इस दृष्टि से देखा-सुना जायेगा। पिछले दस साल में हमारी लोकसभा में प्रतिपक्ष तो था पर नियमों के अनुसार नेता प्रतिपक्ष किसी को नहीं चुना जा सकता था। चुनावों में भाजपा को मिली सफलता इतनी 'भारी' थी कि विपक्ष की आवाज दब-सी गयी थी। इस बार ऐसा नहीं है। इस बार मतदाता ने भाजपा को सदन में सबसे बड़ा दल तो चुना है, पर उसे इतनी ताकत नहीं दी कि वह अपनी मनमानी कर सके।

आज देश में एक मिली-जुली सरकार है। बैसाखियों के सहारे चल रही है भाजपा के नेतृत्व वाली यह सरकार। भाजपा को सबसे बड़े दल के रूप में चुनने वाले मतदाता ने कांग्रेस को इतनी सीटें दे दी हैं कि उसका नेता सदन में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में काम कर सके। सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष का यह संतुलन जनतंत्र को मज़बूत बनाने वाला है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भाजपा का नेतृत्व स्थिति को समझते हुए जनतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप कार्य करेगा और विपक्ष से भी यही उम्मीद की जाती है कि वह सकारात्मक भूमिका निभायेगा। संसद के दोनों सदनों में राष्टपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के संदर्भ में हुई बहस से देश को ऐसी ही उम्मीद जगी है। चूंकि लोकसभा में दस साल बाद कोई नेता प्रतिपक्ष बना है इसलिए यह उत्सुकता होनी स्वाभाविक थी कि राहुल गांधी सदन में क्या और कैसे कहते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने अपनी बात लगभग सौ मिनट में पूरी की और ऐसे अनेक मुद्दे उठाये जो मतदाता को सीधा प्रभावित करते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्होंने जिस तरह से अपनी बात रखी उसने बहुतों को प्रभावित किया होगा। यह कतई ज़रूरी नहीं है कि उनकी बातों से सहमत हुआ ही जाये, पर इतना तो स्वीकारना ही होगा कि राहुल गांधी ने अपनी बात मज़बूती से देश के सामने रखी है और जो मुद्दे उन्होंने उठाये हैं वह सत्तारूढ़ गठबंधन को बेचैन करने वाले हैं। यह बात अपने आप में कम महत्वपूर्ण नहीं है कि राहुल गांधी के वक्तव्य के दौरान प्रधानमंत्री और गृहमंत्री समेत छह केंद्रीय मंत्रियों को खड़े होकर प्रतिवाद करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

यही नहीं, गृहमंत्री ने तो स्पीकर महोदय से यह कहना भी ज़रूरी समझा कि वे विपक्ष के प्रति अधिक उदार हो रहे हैं! यह भी मांग की जा रही है कि नेता प्रतिपक्ष के भाषण में कही गयी बातों को सत्यापित कराया जाये। नेता प्रतिपक्ष ने अपने भाषण में कोई नया मुद्दा नहीं उठाया था कुल मिलाकर वही बातें की थीं जो विपक्ष अर्से से कहता आ रहा है। मसलन, मणिपुर में हुआ घटनाक्रम और प्रधानमंत्री का साल भर तक वहां न जाना, नीट परीक्षा में हुआ घोटाला, सेना में भर्ती की अग्निवीर योजना, किसानों को न्यूनतम दरों की गारंटी का सवाल, महंगाई और बेरोज़गारी जैसे मुद्दों पर पहले भी आरोप लगते रहे हैं। लेकिन नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी ने सदन में जिस तरह इन मुद्दों को सामने रखा है वह सत्तारूढ़ पक्ष को विचलित करने वाला था। लेकिन एक मुद्दा जो सर्वाधिक विवादास्पद हो सकता है, वह धर्म को लेकर था। जब उन्होंने यह कहा कि 'स्वयं को हिंदू कहने वाले ही हिंसा की बात करते हैं' तो प्रधानमंत्री समेत समूचे सत्तारूढ़ पक्ष को जैसे कुछ कहने का आधार मिल गया। गृहमंत्री ने तो इस कथन के लिए राहुल गांधी से क्षमा मांगने के लिए भी कहा। निश्चित रूप से यह मुद्दा आने वाले कुछ दिन तक हमारी राजनीति पर छाया रहेगा, पर यह कहकर कि प्रधानमंत्री मोदी या भाजपा या संघ ही हिंदू नहीं हैं, नेता प्रतिपक्ष ने अपने कथन को स्पष्ट करने की कोशिश की थी। राहुल गांधी ने कहा, 'हमारे सभी महापुरुषों ने अहिंसक



और भय मुक्त होने की बात कही हैज्पर आज जो स्वयं को हिंदू कहते हैं वे हिंसा, घृणा संस्कृति की बात ही करते हैंज आप हिंदू हो ही नहीं सकते।' हिंदुत्व का ठेका लेने वालों को भला यह बात कैसे स्वीकार हो सकती है, शोर मचना तो स्वाभाविक है। शोर तो इस बात पर भी मचेगा कि नेता प्रतिपक्ष धार्मिक आदि के चित्र लेकर क्यों आये? बहरहाल, नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी का यह भाषण हमारी राजनीति में बहुत दिन तक गूंजेगा। भाजपा एक अर्से से, कम से कम पिछले दस साल से, यह असफल कोशिश करती रही है कि राहुल गांधी को राजनीति के लिए अपरिपक्व समझा जाये। पर आज सदन में उन्होंने जिस परिपक्वता का परिचय दिया है वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब वह पहले वाले राहुल गांधी नहीं रहे। अपनी भारत जोड़ो यात्राओं के माध्यम से भी वह यह जताने में सफल रहे कि अब वह जन-मानस से सीधे जुड़ने की कला सीख चुके हैं। अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनके इस भाषण ने नई उम्मीद जगायी है। कोई ज़रूरी नहीं कि उनकी हर बात से सहमत हुआ जाये, पर यह समझना ज़रूरी है कि उनकी बातों में दम है। अब वह पहले वाले राहुल गांधी नहीं रहे। उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। एक और बात जो रेखांकित की जानी चाहिए, वह जनतंत्र में प्रतिपक्ष की भूमिका के बारे में है। एक कमज़ोर विपक्ष जनतंत्र के लिए किस तरह खतरनाक हो सकता है, यह बात हम पिछले दस साल में देख चुके हैं। ऐसे में सबसे बड़ा खतरा सत्ता के बेलगाम होने का होता है। जनतंत्र में प्रतिपक्ष का काम सत्ता के क्रिया-कलाप पर नज़र रखने का होता है। कमज़ोर प्रतिपक्ष यह काम आशा और आवश्यकता के अनुरूप नहीं कर सकता। यह स्थिति सत्ताधारी में अहंकार लाने वाली होती है। इसीलिए यह कामना की जाती है कि सत्ता और विपक्ष के बीच में एक संतुलित समीकरण बने। इस संतुलन में एक मज़बूत विपक्ष की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। विपक्ष जागरूक हो और अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करे, यह सफल जनतंत्र की एक महत्वपूर्ण शर्त है। राष्टपति के अभिभाषण पर हुई बहस के दौरान विपक्ष की सजगता और सक्रियता के संकेत मिले हैं। वहीं यह भी ज़रूरी है कि सदन में जो कुछ कहा जाये, वह ठोस आधार पर हो। विपक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वह पूरी तैयारी के साथ सदन में आये। अधूरे तर्क और अनावश्यक नाटकीयता से बचा जाये। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी के पहले भाषण में कहीं-कहीं अति नाटकीयता का दिखना कोई अच्छा संकेत नहीं है। पता नहीं किसने उन्हें देवताओं के चित्र सदन में ले जाने की सलाह दी है, पर यह बचकाना हरकत है, नेता प्रतिपक्ष ऐसी हरकतों से बचेंगे तो हमारे जनतंत्र की मज़बूती बढ़ेगी।

**– साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

# ऐतिहासिक बदलाव की तरफ बढ़ रहा ब्रिटेन...

## सहयोग व नवाचार के सहारे अधिक मजबूत बनने का अवसर

■ केएस तोमर



लेबर पार्टी और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंध बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ से ही है। 1900 में स्थापित लेबर पार्टी ने अक्सर ब्रिटिश शासन से भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष समेत उपनिवेशवाद-विरोधी आंदोलनों के साथ एकजुटता दिखाई है। रामसे मैकडोनाल्ड जैसे लेबर नेता ब्रिटिश साम्राज्यवाद के मुखर आलोचक थे। जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी जैसे भारतीय नेताओं के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में लेबर पार्टी के समर्थन की अहम भूमिका थी। क्लेमेंट एटली के नेतृत्व में लेबर पार्टी की सरकार के कार्यकाल के दौरान ही भारत को 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी।ब्रिटेन के कई पूर्व प्रधानमंत्रियों के भारत के साथ अच्छे संबंध रहे हैं, जिससे दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध बने। लेबर पार्टी का रुख भी भारत के प्रति सकारात्मक है। कीर स्टार्मर ने चुनाव अभियान के दौरान लगातार ब्रिटेन-भारत संबंधों को बढ़ावा देने, आर्थिक साझेदारी मजबूत करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर सहयोग पर जोर देने की प्रतिबद्धता जताई है।


चौदह वर्षों के बाद ब्रिटेन में लेबर पार्टी के लिए नए युग की शुरुआत हुई है, जिसने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है। लेकिन नई सरकार के समक्ष कठिन चुनौतियां भी हैं, जिनका उसे सामना करना पड़ेगा। ब्रेग्जिट के बाद की वास्तविकताओं से निपटने और कमजोर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने से लेकर भारत और अमेरिका के साथ नाजुक संबंधों को संभालने तक, लेबर पार्टी की सरकार को कई मोर्चों पर जूझना पड़ सकता है।

लेबर पार्टी के कई उम्मीदवारों की जीत में अनिवासी भारतीयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चुनाव में ब्रिटेन स्थित 15 लाख अनिवासी भारतीयों की भूमिका उनकी पर्याप्त उपस्थिति एवं समुदाय में सक्रिय भागीदारी के कारण महत्वपूर्ण थी। ब्रिटिश भारतीयों के साथ अनिवासी भारतीय वहां एक प्रभावशाली मतदाता समूह हैं, जो अक्सर ऐसे मुद्दों पर लामबंद होते हैं, जो दोनों देशों के रिश्तों को प्रभावित करते हैं।कीर स्टार्मर और लेबर पार्टी के प्रति समर्थन के संबंध में, विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय मूल के मतदाताओं में लेबर पार्टी के प्रति झुकाव का कारण पार्टी का भारत के साथ ऐतिहासिक संबंध और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए उसकी पक्षधरता है। निश्चित रूप से कुछ अनिवासी भारतीयों ने अपनी प्राथमिकताओं एवं दृष्टिकोण के आधार पर कंजर्वेटिव एवं अन्य पार्टियों का भी समर्थन किया होगा।

भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के अलावा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भी आगे बढ़ सकता है, क्योंकि दोनों देशों के बीच इससे संबंधित वार्ता में पहले ही जबर्दस्त प्रगति हो चुकी है। अब जबकि भारत और ब्रिटेन में मैत्रीपूर्ण सरकारें सत्ता में आ चुकी हैं, इसलिए एफटीए को तार्किक परिणति तक पहुंचाया जा सकता है। हालांकि दोनों देशों के रिश्तों में जटिलताएं भी हैं। मसलन, वीजा विनियमन, व्यापार अवरोधों और भू-राजनीतिक गतिशीलता जैसे मुद्दों को सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया जाना चाहिए। नई सरकार को इन चुनौतियों का समाधान करने और दोनों देशों को लाभ पहुंचाने वाली साझेदारी के लिए सक्रिय कूटनीति की आवश्यकता होगी।लेबर पार्टी को विरासत में संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था मिली है। आर्थिक विकास ठहर गया है, मुद्रास्फीति बढ़ गई है और सार्वजनिक ऋण अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। नई सरकार के सामने ऐसी नीतियों को बनाने और लागू करने की चुनौती है, जो राजकोषीय जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए विकास को बढ़ावा दे।

ब्रिटेन की नई सरकार को घरेलू और विदेशी, दोनों ही स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और ब्रेग्जिट के बाद के परिदृश्य को संभालने से लेकर अंतरराष्टीय साझेदारी को मजबूत करने और घरेलू चिंताओं को दूर करने तक, आगे का कार्य बहुत बड़ा है। हालांकि, स्पष्ट दृष्टिकोण, व्यावहारिक नीतियों और सामाजिक न्याय और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ लेबर सरकार के पास ब्रिटेन के लिए प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करने का अवसर है। इन चुनौतियों का सामना करके और सहयोग व नवाचार की भावना को बढ़ावा देकर, ब्रिटेन वैश्विक क्षेत्र में अधिक मजबूत होकर उभर सकता है। **–साभार**

## 23 डी एनरो : 'सिर पर छत' की भीड़



1950 के दशक की शुरुआत में, जनरल मार्कोस पेरेज जिमेनेज की सरकार के तहत ये अपार्टमेंट वेनेजुएला के कराकास शहर में बनाए गए थे। ये मध्यम और निम्न वर्ग की आबादी को दिए गए थे। जिमेनेज के बाद सत्ता में आए रोमुलो बेटनकोर्ट ने इन्हें 23 डी एनरो (23 जनवरी 1958, जिमेनेज के कराकास छोड़कर भागने का दिन) नाम दिया था। रिहायशी इमारतों का यह ब्लॉक हिंसा, डकैती, अपहरण और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए बदनाम रहा है।

**रूपए 54 लाख 74 हजार 140**

## डीईओ ने दिए सरवाइट स्कूल को फीस वापसी के निर्देश

**नर्मदापुरम/सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने सरवाइट स्कूल की सत्र 2023-24 में नियम विरूद्ध बढाई गई फीस राशि लगभग 54 लाख 74 हजार 140 रुपए की राशि एक माह में संबंधित अभिभावकों को वापस करने के आदेश जारी किये गये।

म.प्र. निजी विद्यालय फीस अधिनियम में अभिभावकों की शिकायत निपटारे का प्रावधान है। डी.पी.आई. पोर्टल पर जिन निजी विद्यालयों की फीस 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है ऐसे 23 विद्यालयों को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 04 जुलाई 2024 को जारी किये गये हैं। चूंकि स्कूलों का पक्ष सुने बिना सीधे कार्यवाही नहीं की जा सकती अतः उन्हे नोटिस दिये गये है।

जिन दो विद्यालयों के जवाब प्राप्त हुए थे उनको जिला समिति में प्रभारी कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय अनुसार फीस वापसी के आदेश किये गये है शांति निकेतन स्कूल द्वारा कक्षा 1 से 5 की बढी हुई फीस प्रति छात्र 240/- रुपये की दर से लौटाना है जो कुल राशि 1 लाख 32 हजार 720 रूपये होती है अभी तक 553 में से 55 बच्चों की यह फीस उनकी पैरेंट्स मीटिंग में सहमति अनुसार वापस समायोजित की जा चुकी है।

इसके अलावा सभी निजी विद्यालयों में बसों/वेन की फिटनेस की जॉच आर.टी.ओ. को करने तथा बस्ते का वजन चेक करने के निर्देश विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, संकुल प्राचार्य एवं जन शिक्षकों को दिए गए है।

# मूंग उपार्जन नीति से किसान हो रहे परेशान, सरकार का इस और नहीं ध्यान





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा पुरम जिले सहित पूरे प्रदेश का किसान आज अपनी ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल को बेचने के लिए परेशान नजर आ रहा है। इस परेशानी की सबसे बड़ी वजह 2024 की मूंग खरीदी नीति है जो पिछ्ले कई सालों से शासन द्वारा प्रति हेक्टेयर 16 कुंटल खरीदी की गई थी वही इस वर्ष इसे बदल कर 8 कुंटल प्रति हेक्टेयर कर दिया गया है जिसे गत वर्ष की तरह 16 कुंटल प्रति हेक्टेयर के अनुसार ही खरीदी की मांग पर किसान आज जगह-जगह अपनी पीड़ा सुना रहा है। और अधिकारियों को आवेदन और निवेदन करते हुए नजर आ रहा है।

आज देश के पालनहार किसान को अपनी दो महीने की कड़ी मेहनत से पैदा की गई मूंग की फसल को अब बचने के लिए पसीने आ रहे हैं जहां गर्मी के हाई टेंपरेचर से जब कोई घर के बाहर भी निकालना पसंद नहीं करता था उस दौरान किसान भरी दोफहरी में अपने खेत में खड़े होकर मूंग की फसल पैदा करके अपने परिवार को आगे बढ़ाने के सपने बुनता है आज उसी किसान की अपनी मूंग की फसल घरों में पड़ी हुई है आखिर क्यों सरकार द्वारा इस पूरे मामले में चुप्पी साध रखी है। आज पूर्व मुख्यमंत्री केंद्रीय कृषि मंत्री है लेकिन आज मामा भी किसानों की यह पीड़ा से वो भी अंजान बने हुए तो वहीं दूसरी ओर नर्मदा पुरम के कृषक नेता को क्षेत्रीय सांसद बनाया गया है लेकिन उन्होंने भी इस बात पर कोई बात नहीं की है अब किसान आखिर करें तो क्या करे। अगर सरकार को किसानों की पुरानी नीति से मुंग नहीं खरीदना है तो स्पष्ट करें ताकि किसान अपनी फसल को बेचने की आगे की तैयारी करें ताकि साहूकारों, दवाई दुकानदारों,खाद बीज सहित अन्य लोगो का कर्ज चुका कर छुटकारा पा कर अपने आप को धन्य करें। और अपने आप को भाग्यशाली समझे की इतनी मेहनत से पैदा की गई मूंग की फसल को सही दाम भी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री एवम क्षेत्रीय किसान नेता जो वर्तमान में सांसद है वो भी नहीं दिल पाए अब किसान अपना दुखड़ा किसको सुनाएं आज हर किसान की यही पीड़ा है जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी को किसानो की इस पीड़ा को नजरअंदाज नहीं करते हुए शीघ्र ही पुरानी नीति को लागू करते हुए किसानो की मूंग खरीदने की आवश्यकता है।

### किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला पंचायत सीईओ को सौंपा

भारतीय किसान संघ जिला नर्मदापुरम द्वारा जिला पंचायत सीईओ एस. एस. रावत को ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन नीति 2024 में आ रही समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंप कर चर्चा कि गई। जिसमे मांग की गई की।

1- शासन द्वारा वर्तमान में ग्रीष्मकालीन मूंग के समर्थन मूल्य पर खरीदी के आदेश जारी किए हैं जिसमें पिछले वर्ष शासन द्वारा प्रति हेक्टेयर 16 कुंटल खरीदी की गई थी वही इस वर्ष इसे हटाकर 8 कुंटल प्रति हेक्टेयर कर दिया गया है जिसे गत वर्ष की तरह 16 कुंटल प्रति हेक्टेयर के अनुसार ही खरीदी की जाए।

2 -ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी प्लेट कांटो (बड़े कांटो) से ही की जावे जिस तरह से व्यापारी एवं वेयरहाउस मालिकों की उपज का तौल बड़े कांटे से किया जावे।

3- प्रत्येक किसानों से प्रतिदिन 25 कुंटल खरीदी को बढ़ाकर 40 कुंटल प्रतिदिन किया जावे। जिसे किसानों को बार-बार खरीदी केंद्र पर आना ना पड़ेगा। जिससे किसान की अतिरिक्त खर्च में भी बचत होगी।

4-मध्य प्रदेश राज्य विपणन संघ द्वारा प्रत्येक सेवा सहकारी समिति की लिमिट 15 लाख की गई है जो वर्षों से चली आ रही है वर्तमान में रासायनिक खादो का मूल्य अधिक होने के कारण पर्याप्त नहीं है इसलिए मुख्य प्रबंधक जिला सहकारी बैंक नर्मदापुरम द्वारा प्रत्येक सेवा सहकारी समिति की लिमिट 50 लाख की जावे जिससे किसानों को पर्याप्त मात्रा में डी ए पी एवं यूरिया व अन्य रासायनिक खाद उपलब्ध हो सके।

5- सिवनी मालवा में वर्तमान में डी.एम.ओ. बानापुरा में 5000 टन डीएपी एवं 5000 टन यूरिया तत्काल उपलब्ध कराया जाए जिससे किसानों को पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद मिल सके।*6-वर्तमान में बरसात की शुरुआत है यह वृक्षारोपण के लिए सही समय है उधानिक विभाग द्वारा फलदर वृक्ष एवं छायादार वृक्ष एवं अन्य वृक्षों के पौधे लगाने के लिए किसानों एवं आम जन को उपलब्ध कराया जाए अभी तक उधमी विभाग द्वारा ऐसी कोई शुरुआत नहीं की गई है। जिसमें भारतीय किसान संघ के प्रांतीय सदस्य, संभागीय सदस्य, जिला सदस्य एवं तहसील सदस्य उपस्थित रहे।

## आसरा शिशु गृह में वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर अन्य विभिन्न गतिविधियों का कार्यक्रम किया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम ने बताया कि इसी क्रम में गत दिन आसरा शिशु गृह में न्यायविदों ने वृक्षारोपण किया तथा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया । शिशु गृह में वर्तमान में 1 से 5 साल तक के 10 बच्चो को पालन पोषण महिला शिक्षा प्रसार समिति द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर न्यायाधीश श्रीमति शशि सिंह, अभिनव जैन, सतीश तिवारी एवं अन्य जन उपस्थित रहे।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम श्रीमती शशि सिंह ने बताया कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत राज्?य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा नर्मदापुरम जिले में लगभग 10000 या उससे अधिक पौधे रोपे जाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसके तहत 01 जुलाई से निरंतर स्कूलों कॉलेजो, हॉस्टल में आयोजित शिविर के दौरान विशेष अभियान चलाकर पौधे रोपित किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज जिला न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।



**सिवनी मालवा।** एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत अमावस्या तिथि पर अपने पितरों की स्मृति में पंडित धर्मराज के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम वार्ड नंबर 1 में किया गया जिसमें मुख्य रूप से समाज सेवक दादी नीलकमल उपाध्याय उर्मिला केथवास मधु मौर्य सुमन मौर्य भाजपा महिला मोर्चा मंत्री पूर्णिमा धर्मराज जोशी आकाश एवं कृपा शंकर केथवास की उपस्थिति में पौधा रोपण किए गए।

## बच्चों को दी नए कानून की जानकारी



**इटारसी।** नवीन क़ानून के संबंध में संगोष्ठी का आयोजन पुलिस ऑडिटोरियम भवन में किया गया। इस अवसर पर शहर के स्कूली बच्चे और नागरिकों तक इस कानून की जानकारी पहुँचने के लिये संगोष्ठी में आये अतिथियों ने आमजनों को सबोधित किया।इस अवसर पर तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा,आर.एस यादव जिला अभियोजक अधिकारी,अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष गुरयानी, सचिव पारस जैन,नर्मदापुरम राष्ट्रीय पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, ऐ डी पी ओ मनोज जाट, रविंद्र अतुलकर ,टीआई गौरव सिंह बुंदेला उपस्थित रहे।सभी अतिथियों ने अपने अपने तरीके से नवीन कानूनों को जानकारी संगोष्ठी में आये लोगों को दी।संगोष्ठी में स्कूली छात्र एवं छात्राएं भी शामिल हुए।

## अभी भी हो रही अवैध वसूली, यात्री परेशान, पुलिस नाकाम



**पुनीत मालवीय, इटारसी**

भोपाल रेल मंडल में भोपाल-इटारसी, इटारसी -हरदा और भोपाल-मक्सी के बीच में ट्रेनों में किन्नर व महिलाओं का जबरन रुपए वसूलने का आतंक बढ़ गया है। यात्रियों से रुपयों की किन्नर व किन्नर की वेश में कुछ महिलाएं यात्रियों से रुपए की वसूली कर रही है। ट्रेनों में यात्रियों से रुपए वसूलने के कुछ वीडियो व तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। आरपीएफ व जीआरपी का इन पर लगाम नहीं कसने के कारण इनका जबरन वसूली का आतंक बढ़ गया है। अवैध वसूली करना इन किन्नर व कुछ महिलाओं की दैनिक दिनचर्या बन चुकी हैं। 5 से 7 कि संख्या में गुट बनाकर भोपाल-इटारसी व भोपाल मक्सी के बीच में चलने वाली ट्रेनों में ये किन्नर चढ़ते है। जबरन रुपयों कि उगाही से यात्री बेहद परेशान हैं। पैसे न देने पर यात्रियों के साथ बदतमीजी व गाली गलौच की।

**इनका कहना**

*हम लगातार कार्यवाही कर रहे है, भोपाल से महिलाए ट्रैन में चढ़ती है, वही से रोक लगवाते है।*

***अनुराधा मिश्रा,** टीआई आरपीएफ*

## जगत का उद्धार सत्कर्मों से ही संभव है :प्रज्ञा

**साध्वी प्रज्ञा भारती का काले महादेव मंदिर एवं आश्रम पहुंचने पर हुआ स्वागत**

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

न्यू यार्ड साई नगर कॉलोनी स्थित प्रज्ञा श्यामसुंदर आश्रम एवं काले महादेव मंदिर पहुंचने पर ट्रस्ट की अध्यक्ष साध्वी डॉक्टर प्रज्ञा भारती का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। प्रज्ञा भारती ने काले महादेव एवं खेड़ापति माता की पूजा की ।इस अवसर पर उन्होंने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि जगत का उद्धार सत्कर्मों से ही संभव है। उन्होंने हाथरस की घटना को दुखद बताया और कहा कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में ना हो उसकी चिंता की जानी चाहिए एवं इस तरह के प्रवचनकर्ताओ कि शासन को पूरी जांच करना चाहिए। प्रज्ञा भारती ने कहा कि सनातन धर्म के विरोध में बोलने वाले अपनी राजनीतिक रोटी तो सेक सकते हैं परंतु सनातन धर्म का कुछ कर नहीं सकते।क्योंकि सनातन धर्म अजर और अमर है। प्रज्ञा भारती बिहार के छपरा जाते समय कुछ समय के लिए इटारसी रुकी थी और उन्हीं के द्वारा संचालित प्रज्ञा श्याम सुंदर आश्रम और काले महादेव मंदिर पहुंची थी। प्रज्ञा भारती का मंदिर पहुंचने पर मंदिर के पुजारी पंडित नीलेश मिश्रा, धन सिंह ठाकुर, बहादुर सिंह ठाकुर ,हरि सिंह ठाकुर, संत सिंह भेसारे, भूपेंद्र विश्वकर्मा प्रमोद पगारे एवम महिला मंडल ने स्वागत किया।



**मेट्रो एंकर**

**विद्यालय परिसर तथा क्लास रूम गंदे पाए जाने पर नाराजी व्यक्त कर तत्काल सफाई के निर्देश**

# समय पर स्कूल नहीं पहुंचने वाले प्राचार्य - शिक्षकों पर कार्यवाही होगी



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो।**

संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जेपी यादव ने केसला विकासखंड के हाई स्कूल सोमालवाढ़ा खुर्द, एकलव्य विद्यालय केसला भरगदा, आश्रम शाला पोड़ार का निरीक्षण किया। श्री यादव प्रातः 10-20 बजे हाई स्कूल सोमलवाड़ा पहुंचे, विद्यालय की प्रार्थना सभा मे शामिल हुए, उस समय तक केवल 2 शिक्षक एवं एक भृत्य उपस्थित पाए गए। प्राचार्य बालाराम लोहिया तथा शिक्षक तथा 12 मे से 10 शिक्षक समय पर उपस्थिति नहीं मिले। अनुपस्थित कर्मचारियों को मौके पर ही कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिन मे जवाब प्रस्तुत करनें के लिए निर्देश दिए। श्री यादव ने विद्यालय मे विद्यार्थियों की उपस्थिति, पुस्तक वितरण, कक्षाओं के संचालन, बच्चों की उपस्थिति पंजी, छात्रवृति वितरण, साफ सफाई की समीक्षा की गई। विद्यालय परिसर तथा क्लास रूम गंदे पाए जाने पर नाराज़ी व्यक्त कर तत्काल सफाई के निर्देश दिए। इस विद्यालय का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 33त्र रहा। ख़राब परिणाम वाले प्राचार्य और शिक्षकों पर कार्यवाही होगी। श्री यादव ने एकलव्य विद्यालय भरगदा पहुंचकर नवनियुक्त शिक्षको से चर्चा की और मार्गदर्शन दिया। शिक्षकों को डिसिप्लिन्ड, एक्टिव, क्रिएटिव और इनोवेटिव, होने के लिए कहा। पढ़ाई को रोचक बनाने पर जोर दिया। नव निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर इसमे विद्युत कनेक्शन करवाने के निर्देश दिए। पूर्व सूचना के बावजूद प्राचार्य डी. पी. विश्वकर्मा अनुपस्थित पाए गए, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। श्री यादव ने बालक आश्रम पोड़ार का निरिक्षण किया, बेहतरीन व्यवस्था के लिए अधीक्षक देविप्रसाद यादव की प्रशंसा की। इस अवसर पर छात्रावास कैंपस मे नीम और कटहल का पौधरोपण किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती आशा मौर्य, अन्य छात्रावासों के अधीक्षक तथा बच्चे उपस्थित रहे।

## संयुक्त संचालक ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम एच0 के0 शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्र रोहना क्रं0-1 एवं 2 तथा अंधियारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन एवं हितग्राहियों को प्रदाय की जा रही आईसीडीएस की सेवाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी ली गई। उन्होंने विभागीय संपर्क एवं पोषण ट्रैकर एप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दर्ज की जा रही विभिन्न जानकारियों का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नियमित रूप से निर्धारित समय पर आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने, आंगनबाड़ी केन्द्र की साफ-सफाई रखने एवं बच्चों को निर्धारित मीनू अनुसार समय पर गर्म ताजा पका नाश्ता/ भोजन प्रदाय करने तथा समस्त पात्र हितग्राहियों को आईसीडीएस एवं विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु निर्देशित दिये। उन्होंने संपर्क एप में प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण में पाया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र रोहना क्रमांक-1 वर्तमान में शासकीय स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में संचालित हो रहा है जो कि जीर्ण शीर्ण है, विद्युत व्यवस्था भी नहीं है तथा हितग्राहियों के सर्वे क्षेत्र से काफी दूर है। सर्वे क्षेत्र के अंदर ही आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित कराये जाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। आंगनबाड़ी केन्द्र रोहना क्रमांक-1 का भवन का निर्माण कार्य लगभग 06 वर्षो से अपूर्ण है। निर्माण एजेन्सी से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्र- अंधियारी भी विभागीय भवन में संचालित पाया गया किन्तु वर्षा काल में भवन की छत से पानी टपकने की समस्या होने से मरम्मत कराये जाने की कार्यवाही हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

संयुक्त संचालक द्वारा बच्चों का सही-सही शारीरिक माप लेने तथा तथा शुद्ध व सटीक ऑकड़े पोषण ट्रैकर ऐप में दर्ज करने हेतु निर्देश दिये गये। कुपोषित बच्चों पर विशेष निगरानी रखने, आवश्यक उपचार कराने राने तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने हेतु निर्देश दिये गये। 01 जुलाई 2024 से प्रभावशील 03 नये कानूनों के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बताया गया तथा उनमें महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों का अध्ययन करने की समझाइश दी गई।

# मानोरा मेला में झूले की सुरक्षा व्यवस्था की जांच के संबंध में निर्देश



**सिरोंज।** विदिशा जिले के ग्यारसपुर विकासखण्ड के ग्राम मानोरा में जगदीश स्वामी जी की रथ यात्रा के दौरान आयोजित तीन दिवसीय मेले में लगाए गए झूले इत्यादि की जांच के संबंध में ग्यारसपुर एसडीएम मनोज उपाध्याय ने एसडीओ (ईएम) तथा पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ को निर्देश दिए है कि मेले में लगाए गए झूले आदि का परीक्षण कर उनकी गुणवत्ता एवं सुरक्षा का प्रमाण पत्र प्रदान करना सुनिश्चित करें।

# एक प्रकरण में जिला बदर की कार्यवाही

**सिरोंज।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर की कार्यवाही की गई है। उनमें अनावेदक तनवीर अख्तर पिता रईस खां, निवासी पानी की टंकी के पास किले अन्दर विदिशा थाना कोतवाली विदिशा के विरूद्व मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही का आदेश जारी हुआ है। अनावेदक विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किये गए है।

# चला लंबा संघर्ष: तालाब की जमीन का एसडीएम की मौजूदगी में सीमांकन

## देखना यह है कि विधायक द्वारा बनाई गई टीम निष्पक्ष कार्रवाई करती है या खानापूर्ति



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

शुक्रवार को आखिरकार वह दिन आई गया जिसके लिए समाजसेवी अशोक जैन खर्चा कई वर्षों से निरंतर प्रयास कर रहे थे मीडिया भी मामले को लगातार प्रकाशित कर रही थी विधायक ने भी सीमांकन करवाने के निर्देश एसडीएम को दिए थे। शुक्रवार को एसडीएम हर्षल चौधरी, तहसीलदार संजय चौरसिया विदिशा से वरिष्ठ आर आई और पूरी टीम के साथ मशीन से सीमांकन किया गया है। अब इसकी फाइनल रिपोर्ट आने के बाद जिनके भी नंबरों में तालाब की जमीन निकलेगी उनसे उक्त जमीन को मुक्त करवाने का काम किया जाएगा फाइनल रिपोर्ट आने में एक दिन का समय लगेगा सीमाकंन के दौरान कई लोगों के नंबरों में तालाब की जमीन निकली तो वहां प्रशासन से बहस करते हुए भी नजर आए पर प्रशासन ने कहा कि हम मशीन से सीमांकन करवा रहे है।

### संघर्ष को मिली सफलता

तालाब का सीमांकन करवाने लिए सबसे लंबी लड़ाई अशोक खर्चा लड़ रहे थे उन्होंने आवेदन से लेकर आंदोलन, आमरण अनशन, पैदल यात्रा, सत्याग्रह आदि किए। श्री जैन के द्वारा लगातार कई वर्षों से बस स्टैंड स्थित शासकीय तालाब को लेकर सीमांकन की मांग की जा रही थी। उनका कहना है कि यह तालाब 32 बीघा में फैला हुआ है, वर्तमान में आधे से ज्यादा जमीन पर भू-माफियाओं तथा आसपास के लोगों ने कब्जा कर रखा है। जिसके कारण करोड़ों की कीमत की शासकीय भूमि आम जनता के उपयोग में नहीं आ पा रही है। यह तालाब 32 बीघा जमीन में है पर आज मौके पर 20 बीघा जमीन में भी नहीं होगा। अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों तथा आसपास के कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। वहीं शुक्रवार को अशोक जैन खर्चा के आवेदन पर स्थानीय प्रशासन ने सीमांकन का कार्य प्रारंभ कर दिया। डिजिटल मशीन के माध्यम से दोपहर से शाम तक तहसीलदार, सीएमओ, आरआई, पटवारीयों की सदस्यीय टीम ने दोपहर में सीमांकन का कार्य प्रारंभ कर दिया जो शाम तक चलता रहा। सीमांकन के दौरान एसडीएम भी मौके पर मौजूद रहे। सीमांकन प्रक्रिया जैसे ही प्रारंभ हुई सर्वप्रथम कुछ लोगों की जमीन शासकीय दायरे में आ गई जिसके बाद कई लोगों ने आपत्ति भी दर्ज कराई।

### देखना यह है की विधायक द्वारा बनाई गई टीम निष्पक्ष कार्रवाई करती है या खाना पूर्ती -

अब देखना है की विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा बनाई गई टीम सरकारी जमीन पर करे हुये अतिक्रमण पर निष्पक्ष जाँच कर कार्रवाई करते है या सिर्फ खानापूर्ति कर मामला खत्म कर दिया जायगा। कॉलोनी में जाने के लिए नहीं है कॉलोनी की सड़क - इसके अलावा तालाब के पास में ही एक कालोनी काटी गई है। जिसकी सड़क दोनों किनारों पर मुख्य सड़क से लगी हुई है। सीमांकन के दौरान एक तरफ की पूरी सड़क और दूसरी तरफ की आदि से अधिक सड़क शासकीय भूमि में दिखाई दी। जिसके बाद कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए मुसीबत सताने लगी है। क्योंकि यदि सीमांकन की पूरी प्रक्रिया होने के बाद यह सड़क शासकीय पाई जाती है तो इन लोगों का निकलना मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि लोगों ने लाखों रुपए में प्लाट खरीदकर मकान बना लिए हैं, वही सीमांकन में जो सामने आया है उसके बाद लोगों की मुसीबत बढ़ती हुई दिख रही है क्योंकि यदि यही स्थिति रही तो इन लोगों का निकलना मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि वर्तमान में यह लोग उक्त सड़क पर से होकर निकलते हैं जो सड़क सीमांकन के दौरान शासकीय दिखाई दे रही है। हालांकि अभी प्रशासन ने तालाब के चारों ओर चूना डालकर छोड़ दिया है। इस संबंध में जब तहसीलदार संजय चौरसिया से बात की गई तो उनका कहना है कि सीमांकन कर लिया गया है राजस्व निरीक्षक द्वारा इसकी पूरी रिपोर्ट बनाई जाएगी। संपूर्ण रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा कि कहां कितनी जगह निकली है और क्या स्थिति है।

### इनका कहना है -

*मशीन से विदिशा की टीम की मौजूदगी में सीमांकन हुआ है फाइनल रिपोर्ट आने के बाद किसी के भी जिनके नंबरों में जमीन तालाब की निकलेगी तो मुक्त करवाने का काम किया जाएगा।*

*हर्षल चौधरी एसडीएम*

# नगर पालिका अध्यक्ष की मौजूदगी में चोक पड़ी नालियों को खुलवाया गया

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



दोपहर मेट्रो खबर का असर

नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ने वार्ड नंबर 10 के क्षेत्र का निरीक्षण किया समस्याएं मिलने पर तत्काल उनको दूर करने के निर्देश आने जाने में हो रही परेशानी को दूर करने के लिए तत्काल वहां पर इंजीनियर को बुलाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। वही कई नालियां चौंक पड़ी हुई थी पानी निकासी की समस्या हो रही थी मुख्य रास्ते पर आने जाने के लिए जलों का निर्माण नहीं होने से लोगों वार्ड पार्षद से भी शिकायत कर रहे थे। इसके बाद वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू कुशवाह प्रतिनिधि तोषमणी पंथी भी मौके पर पहुंचे उन्होंने भी कहा कि तत्काल अधिकारियों को छोटी-छोटी समस्याओं को निराकरण पर पहले ध्यान देना चाहिए बड़े काम तो कोई भी कर देता है पर सबसे बड़ी समस्या छोटे कामों में होती है इसलिए इन कामों को प्राथमिकता से करवाया जाए अध्यक्ष ने इंजीनियर को फटकार लगाते हुए कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। क्योंकि आने-जाने में लोगों को परेशानी हो रही है एक सप्ताह पहले बामोरा रोड से गौरव नगर कॉलोनी में जाने वाले रास्ते को सफाई कर्मियों के द्वारा खोद दिया गया था पर यहां पर नाली का निर्माण नहीं होने से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया था जिसके कारण रहवासी परेशान हो रहे थे। इस समस्या को भी अध्यक्ष ने दूर करवाने के निर्देश दिए। इधर सुबह से ही स्वास्थ्य अधिकारी ने धीरज मैना पूरे अमले के साथ चौक पड़ी नालियों की सफाई करवाने में जुटे हुए थे। लोगों के घरों के अंदर पानी जा रहा था नालियां की लंबे समय से साफ नहीं हुई थी यहां पर बड़ी मात्रा में कचरा भी जमा हो गया था जिसको निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सफाई होने से पानी निकासी की समस्या भी दूर हो गई शहर में इस तरह के हालात और भी कई जगह बने हुए हैं। अभियान चलाकर सफाई करवानी चाहिए पर ऐसा नहीं किया जा रहा है इसके कारण समस्या बढ़ती ही जा रही है तेज बरसात होने पर और भी ज्यादा हालत खराब होंगे अभी भी कई जगह खाली प्लाटों में पानी भरा हुआ है। नगर पालिका प्रशासन के द्वारा ध्यान नहीं दिया इस वजह से लोगों के घरों में पानी भर रहा है। वहीं स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने बताया कि जहां से भी शिकायत प्राप्त हो रही है वहां पर हम लोग पूरी टीम लगाकर विशेष रूप से सफाई करवा रहे हैं जिससे की बरसात के दिनों में लोगों को पानी की निकासी की समस्या से ना जूझना पड़े उसके लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

**एसडीएम ने खबर को लिया संज्ञान में यथासंभवम इंतजाम करवाने की कहीं बात** - शुक्रवार के अंक में हमारे सवांददाता के द्वारा अवैध कॉलोनियों मैं रहने वाले लोगों को बरसात के दिनों मे मुश्किलों के बीच जीवन यापन करना पड़ेगा, ओर भू-माफियाओं के आगे नत-नस्तक हुआ प्रशासन की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसको एसडीएम हर्षल चौधरी ने संज्ञान में लेते हुए कहा कि समाचार पत्र से मामला मेरे संज्ञान में आया इस समस्या के समाधान के लिए हम यथासंभव प्रयास करेंगे हमारी तरफ से जो भी हो सकता है वह कम करें इसके लिए टीम भी बना रहे हैं। पानी ने निकाली की व्यवस्था हम कैसे कर सकते हैं उसके लिए भी हम काम करेंगे बरसात के दिनों में जहां से भी पानी निकासी की समस्या हो सकती है उसका निरीक्षण भी करेंगे फिर समस्या के समाधान के लिए सभी जरूरी कदम भी उठाए जाएंगे।

# मंडी बाईपास रोड के व्यापारियों ने सड़क के दोनों तरफ नाली बनवाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** मंडी बाईपास पर सड़क बनाने के बाद नाली का निर्माण नहीं होने से आसपास के दुकानदारों परेशान हो रहे हैं। दोनों तरफ नाले का निर्माण नहीं होने से पानी ने निकाली की समस्या से व्यापारियों दो चार होना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में आर्थिक नुकसान का सामना भी करना पड़ता है सड़क पर दिनभर गंदा पानी भरा रहता है इसके कारण कई बार दो पहिया वाहन चालक गिरकर दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। इसकी समस्या की समाधान की मांग को लेकर शुक्रवार को आसपास के व्यापारियों ने एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन देते हुए कहा कि मंडी बाईपास रोड के दोनों तरफ पानी में निकास के लिए नाले का निर्माण करवाया जिससे कि सड़क पर गंदगी जमा ना हो वही नगर पालिका के द्वारा तालाब के गहरीकरण करवाया था सड़क पर बड़ी संख्या मिट्टी पड़ी इसकी वजह से कीचड़ भी हो रही है। एसडीएम ने कहा कि कीचड़ की हम सफाई करवा देंगे वहीं पानी निकासी की समस्या के समाधान के लिए जो भी हो सकता है वह असंभव काम करेंगे इस दौरान बड़ी संख्या में दुकानदार मौजूद थे।

# लाड़ली बहना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा पीएम उज्जवल योजना राशि अंतरण कार्यक्रम सम्पन्न

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों को राशि अंतरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, कलेक्टर श्री अरविंद दुबे, एसडीएम श्री मुकेश सिंह, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री राजेश राम सहित अन्य अधिकारी और हितग्राही उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा टीकमगढ़ जिले में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खातों में विभिन्न योजनाओं की राशि अंतरित की गई। कलेक्टर ने बताया कि आज मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत जिले के 154807 किसानों के खाते में दो-दो हजार रू के मान से 30 करोड़ 96 लाख 14 हजार रू की राशि अंतरित की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले की 250938 लाड़ली बहनों के बैंक खाते में 30 करोड़ 63 लाख 78 हजार 300 रूपए, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के कुल 110677 पेंशनर्स के खाते में 6 करोड़ 64 लाख 6 हजार 200 रू तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राहियों के खाते में 65 लाख 24 हजार 320 रू की राशि अंतरित की गई।

# इमाम हुसैन की शहादत के पर्व मुहर्रम पर बड़ी सवारी पर होंगे अनेक आयोजन

**नर्मदापुरम।** इमाम हुसैन की याद मे मनाया जाने वाला मुहर्रम पर्व का चाँद नज़र आते बड़ी सवारी बड़ी बजरिया में आगामी 7 तारीख़ से अनेको आयोजन होंगे. ज्ञात हो कि मुस्लिम समाज की आस्था के प्रतीक पैग़ंबर मुहम्मद सहाब के नवासे इमाम हुसैन की क़र्बला के मैदान में हक़ और सच के लिए असत्य के खिलाफ लड़ते हुए दी गयी शहादत जो दुनिया को इंसानियत और अहिंसा का पैगाम दे गयी। आज मुस्लिम समुदाय बड़ी अक़ीदत के साथ मोहर्रम में मौला हुसैन को याद करते हुए उनके नाम पर अनेको कार्यक्रम आयोजित करता है माहे मुहर्रम की चाँद रात से लेकर तारीख 10 मोहर्रम तक होने वाले तमाम आयोजनों को लेकर शुक्रवार को आज़ाद इस्लामिया कमेटी बड़ी सवारी द्वारा एक बैठक मुन्तखब की गयी कमेटी के सदर गुलाम मुस्तफ़ा ने बताया की चाँद रात को आग़ाज़े मोहर्रम पर बड़ी सवारी पर अलम (ध्वज) पेश होने के साथ शिरीन पेश की जाती है और मुहर्रम की चार तारीख को बड़ी सवारी की अमानत खड़ी होती है इस दिन से जायरीन ज़ियारत करने पूरे जिले भर से आना शुरु होते है। इसी क्रम में मुहर्रम की 6 तारीख को कमेटी की तरफ से भव्य आल इंडिया नातिया मुशायर होता है और मुहर्रम की 7 और 9 तरीख को पूरे शहर भर की सवारिया गस्त करते हुए बड़ी सवारी पर सलामी पेश करने आती है। कुरआन के पाठ के साथ भव्य हुसैनी लंगर आयोजित होता है इसी क्रम मे सेठ मोहम्मद फ़ाज़िल साहब के खानदान की जानिब से तकसीम होने वाले 10 दिवसीय खिचड़ी के लंगर को बांटने सहित इन दस दिनों तक आयोजित सभी कार्यक्रमों मे आने वाले जायरीन, बुज़ुर्ग, बच्चे, महिलाओं को अव्यवस्था न हो और बेहतर तरीके से कामो को अंजाम कैसे दिया जा सके सभी पहलुओं पर तफसील से चर्चा हुई बैठक मे समिति के अब्दुल मुजीब, मोहम्मद शाकिर, मुहम्मद महताब, गुलाम हैदर, फैज़ान उल हक़, गुलाम मुस्तफ़ा, मोहम्मद जावेद, मुहम्मद आमिर, गुलाम हुसैन, फैज़ान खान, गुलाम अली, शाहनवाज़ उल हक़, मोहम्मद अली, मुहम्मद उमर, सय्यद फारुख अली, पंकज नामदेव, मो दाऊद, मो जाबिर, हसन रज़ा, अदनान अली, शिवम साहू, परवेज़ फ़ाज़ली, गुलशेर रब्बानी आदि उपस्थित रहे।



मेट्रो एंकर

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल सम्पूर्णता अभियान का करेंगे शुभांरभ

# प्रशासकीय व्यवस्था : अधिकारियों की ड्यूटी, कलेक्टर ने जायजा लिया

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज शनिवार छह जुलाई को विदिशा जिले की जनपद पंचायत बासौदा की ग्राम पंचायत डिंडोली में आयोजित सम्पूर्णता अभियान एवं पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री पटेल का प्राप्त दौरा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि राज्यपाल श्री पटेल शनिवार की प्रातः दस बजे ग्राम डिंडोली पहुंचेगे और यहां आयोजित सम्पूर्णता अभियान एवं पीएम जनमन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के उपरांत दोपहर 12:50 बजे डिंडोली से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

**कार्यपालिक मजिस्टेथ्ट की ड्यूटी** -राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की विदिशा जिले के गंजबासौदा में प्रवास अवधि के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सात कार्यपालिक मजिस्टेथ्ट की ड्यूटी लगाए जाने के आदेश जारी किए गए है। जारी आदेश में उल्लेख है कि बासौदा एसडीएम विजय राय को कानून व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा मंच व्यवस्था के लिए तहसीलदार श्री संदीप जायसवाल, हेलीपेड स्थल के लिए तहसीलदार श्री अभिषेक पांडे एवं नायब तहसीलदार श्री पियुष जैन, कार्यक्रम स्थल के लिए तहसीलदार श्री अवधेश यादव, हितग्राही के निवास स्थल पर अतिरिक्त तहसीलदार श्री अताउल्लाह खॉन तथा सर्किट हाउस के लिए अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती सविता पटेल को जिम्मेदारी सौपी गई है।

**प्रशासकीय व्यवस्था हेतु अधिकारियों की ड्यूटी** - राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की विदिशा जिले के गंजबासौदा में प्रवास अवधि के दौरान प्रशासकीय व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न विभागो के अधिकारियों की ड्यूटी लगाए जाने का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कार्यक्रम स्थल प्रभारी के सहायक के लिए सामाजिक न्याय एवं निःशक्जन कल्याण विभाग के उप संचालक पंकज जैन, आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक श्रीमती पारूल जैन, सहायक श्रम पदाधिकारी एसएन सांगुल्ले, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क प्राधिकरण के महाप्रबंधकएसपी आर्य, आरईएस के कार्यपालन यंत्री राजेन्द्र गजभिए, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक अंकुर सेठ, डीआरईओ ऊर्जा निगम पीके शांडिल्य, आईटीआई प्राचार्य एपी श्रीवास्तव की ड्यूटी लगाई गई है के अलावा हेलीपेड पर क्रू संबंधी व्यवस्था हेतु जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही तथा भोजन स्वल्पाहार व्यवस्था का पर्यवेक्षण हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी बासौदा संदीप वर्मा एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बासौदा श्रीमती पिंकी शाक्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया** - राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का विदिशा जिले की जनपद पंचायत बासौदा की ग्राम पंचायत डिंडोली में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर की गई तैयारियों का कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने ग्राम डिंडोली में कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत डिंडोली के आंगनबाडी केन्द्र भवन में पहुंचकर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही उन्होंने पीएम जनमन योजना (पीव्हीटीजी) मिशन अंतर्गत सहरिया जनजातीय परिवार के हितग्राही श्री अर्जुन सिंह का पीएम जनमन आवास योजना तहत पूर्ण हुए आवास में पहुंचकर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, बासौदा एसडीएम श्री विजय राय सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम स्थगित राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों की मतदाता सूची पुनरीक्षण-2024 का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। गौरतलब है कि 28 जून को नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2024 का कार्यक्रम जारी किया गया था।


**कार्यालय थाना प्रभारी हनुमानगंज भोपाल**

फोन नं. 7587601742 E-mail. pshanumanganj@gmail.com

क्रं./थाप्र/हनुमानगंज/गुमइंसान क्रं.41/24 दिनांक 01/07/24

**जाहिर सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना हनुमानगंज भोपाल में गुमइंसान क्रं. 41/24 में गुमशुदा महिला गुमशुदा महिला लायबा खान पिता मोह. साजिद आयु 24 साल निवासी 2578गली नंबर. 04 काजीकेम्प बैरसिया रोड भोपाल। मोबा. 6232575309 जो घर से बिना बताए कही चला गया है जो अभी तक घर नहीं आई है जिसका हुलिया कद 5 फिट, रंग गोरा, बदन इकहरा, चेहरा गोल, नीले रंग का फूलदार कुर्ता व नीले रंग की सलबार पहने है के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होती है तो थाना हनुमानगंज भोपाल के दूरभाष क्रं.7587601742 वे जांचकर्ता प्र.आर मोह. लाडले खान के मो. नं. 7049106139 पर सूचित करे।

G-12934/24

थाना प्रभारी
थाना हनुमानगंज

# गुकेश को 'घर' का लाभ ना मिले, इसलिए भारत को मेजबानी नहीं

## 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगी चैंपियनशिप

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इस साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (फिडे) ने सिंगापुर को सौंपी है। इस चैंपियनशिप में भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच भिड़ंत होगी। चैंपियनशिप की मेजबानी में भारत के दो शहर नई दिल्ली और चेन्नई भी थे। इनका दावा भी मजबूत माना जा रहा था लेकिन ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। हाल में फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्सकी ने खुलासा करते हुए बताया कि हम नहीं चाहते थे कि गुकेश को घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिले। इस कारण भारत को मेजबानी नहीं मिली।

**तो सबसे युवा चैंपियन बन जाएंगे गुकेश:** 18 वर्षीय गुकेश के आगे मौजूदा चैंपियन चीन के 31 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी डिंग लिरेन की मजबूत चुनौती है। यदि गुकेश जीत हासिल कर लेते हैं तो वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा चैंपियन बन जाएंगे।

**हवा प्रदूषण भी बना अहम कारण:** सुतोव्सकी ने कहा, यह चैंपियनशिप 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच खेली जाएगी और इस दौरान चेन्नई और दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित होती है। मेजबानी देते समय हमने इसका भी ख्याल रखा है।




### कई अहम पहलूओं पर भी गौर किया

एमिल सुतोव्सकी ने हालांकि कहा कि मेजबानी देने के दौरान हमने कई और पहलूओं पर भी गौर किया था। उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि मेजबानी किसी तटस्थ देश को मिले और यह हमारे लिए बहुत अहम मसला था। लेकिन सिर्फ तटस्थ रहने से बोली नहीं जीती जाती हैं। सिंगापुर ने कई और मामलों में मजबूत बोली लगाई। उन्होंने कहा, प्रत्येक शहर को बोली में जिन चीजों का मुख्य तौर पर उल्लेख करना था, उसमें प्रसारण राजस्व और अन्य वाणिज्यिक राजस्व को फिडे के साथ कैसे विभाजित किया जाए, कार्यक्रम कहां आयोजित किया, बोलियों का समर्थन कौन कर रहा, खिलाड़ी व अन्य फिडे अधिकारी कहां रहेंगे और प्रसारण की क्या योजना थी?

# इंडिया विमेंस ने पहला टी-20 गंवाया साउथ अफ्रीका 12 रन से जीता

## टॉप ऑर्डर के सामने फ्लॉप रहीं इंडियन बॉलर्स

**चेन्नई, एजेंसी**

साउथ अफ्रीका को टेस्ट और वनडे सीरीज में एकतरफा हराने के बाद इंडिया विमेंस टीम को पहले टी-20 में हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में शुक्रवार रात साउथ अफ्रीका को 12 रन से जीत मिली। साउथ अफ्रीका से ओपनर ताजमिन ब्रिट्ज ने 81, मारिजान कैप ने 57 और कप्तान लौरा वॉल्वार्ट ने 33 रन बनाए। टॉप ऑर्डर ने टीम का स्कोर 189 तक पहुंच दिया। जिसके जवाब में टीम इंडिया 4 विकेट गंवाकर भी 177 रन ही बना सकी। शतक चूकीं ब्रिट्ज प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। सीरीज का दूसरा टी-20 मैच 7 जुलाई को चेन्नई में शाम 7 बजे से खेला जाएगा।



### राधा ने फिर तोड़ी पार्टनरशिप

17वें ओवर में राधा यादव ने ही कैप को कैच आउट कराया, कैप ने 57 रन बनाए। इस विकेट के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी भी टूटी। इसी ओवर की आखिरी 2 गेंदों पर ब्रिट्ज ने 2 सिक्स लगाकर ओवर को बड़ा बना लिया। आखिरी 3 ओवरों में ब्रिट्ज ने क्लो ट्रायन के साथ टीम का स्कोर 185 के पार पहुंचा दिया। ट्रायन ने 12 रन बनाए। वहीं ब्रिट्ज पारी की आखिरी बॉल पर 81 रन बनाकर आउट हुईं। दोनों को पूजा वस्त्राकर ने पवेलियन भेजा। टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 189 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

**कैप ने फिफ्टी लगाई:** नंबर-3 पर उतरीं अनुभवी ऑलराउंडर मारिजान कैप ने ओपनर ब्रिट्ज का साथ दिया। दोनों ने 12वें ओवर में ही टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया। ब्रिट्ज ने पूजा वस्त्राकर के खिलाफ 16वें ओवर में चौका लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में कैप ने भी चौका लगाकर अर्धशतक पूरा कर लिया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने भारत को भी मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 5 ही ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा दिया। अच्छी शुरुआत के बाद छठे ओवर में आयाबोंगा खाका ने शेफाली को कॉट बिहाइंड करा दिया। शेफाली ने 18 रन बनाए। दयालन हेमलता नंबर-3 पर उतरीं, लेकिन उन्होंने मंधाना पर ही दबाव बना दिया। अगले 5 ओवर में 5 ही चौके आए। 86 रन बने, 10वें ओवर में क्लो ट्रायन ने 4 गेंदे डॉट करा दीं, नतीजा यह हुआ कि मंधाना आखिरी बॉल पर स्टंपिंग हो गईं।

# पेरिस ओलंपिक : एथलेटिक्स में चुनौती पेश करेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा की अगुआई में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल इस साल 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में चुनौती पेश करने उतरेगा। टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले नीरज की नजरें अपना खिताब बचाने पर होगी। भारतीय दल में 17 पुरुष व 11 महिला एथलीट शामिल हैं। पेरिस में ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं की शुरुआत 01 से 11 अगस्त तक होगी। भारतीय दल में अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज), नीरज चोपड़ा, किशोर जेना (ज्वेलिन थ्रोअर), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रावेल, अब्दुल्ला अबुबकर (ट्रिपल जंप), सर्वेश कुशारे (हाई जंप), आकाशदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिस्ट ( 20 किमी रेस वॉक), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलरासन, राजेश रमेश, मिजो चाको कुरियन (4 गुणा 400 रिले) आदि शामिल हैं।



## मेट्रो बाजार

# दुनिया की पहली सीएनजी बाइक बजाज फ्रीडम-125 लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बजाज ऑटो ने दुनिया की पहली सीएनजी बाइक बजाज फ्रीडम 125% लॉन्च की। बाइक को चलाने के लिए दो फ्यूल ऑप्शन यानी, 2 लीटर का पेट्रोल टैंक और 2 किलो का सीएनजी टैंक है। दोनों को एक बार फुल कराने से 330 किमी का माइलेज मिलेगा। राइडर एक बटन से ष्टहृत्र से पेट्रोल और पेट्रोल से सीएनजी पर स्विच कर सकता है। इसकी कीमत 95,000 से 1.10 लाख (एक्स-शोरूम) के बीच है। बाइक की बुकिंग शुरू हो गई है। डिलीवरी सबसे पहले महाराष्ट्र और गुजरात में शुरू होगी। बाकी राज्यों में फेज वाइज मिलेगी। बजाज फ्रीडम सीएनजी बाइक तीन वैरिएंट में आती है। बाइक के 11 से ज्यादा सेफ्टी टेस्ट किए गए हैं। 10 टन लोडेड ट्रक के नीचे आने पर भी टैंक लीक नहीं हुआ। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दावा किया कि सीएनजी टू-व्हीलर चलाने का खर्च करीब 1 रुपए प्रति किलोमीटर आएगा। बजाज फ्रीडम के लॉन्च इवेंट में नितिन गडकरी और राजीव बजाज बाइक में पेट्रोल और सीएनजी के बीच शिफ्ट करने के लिए स्विच दिया गया है। बाइक में पेट्रोल और सीएनजी के बीच शिफ्ट करने के लिए स्विच दिया गया है।



सीएनजी पर 100 किमी प्रति किलोग्राम का माइलेज पूरी तरह गैस से भरने पर सीएनजी टैंक का वजन 18 किलो होता है। कंपनी का दावा है कि सीएनजी पर 100 किमी प्रति किलोग्राम और पेट्रोल का उपयोग करते समय 65 केपीएल का माइलेज मिलता है। इसमें 125 सीसी का सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है, सीएनजी और पेट्रोल भरने के लिए एक कॉमन फ्यूल टैंक कैप कवर दिया गया है।

# जून में वेज थाली की कीमत 10 फीसदी बढ़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 10 फीसदी बढ़कर 29.40 रुपए हो गई है। पिछले साल जून 2023 में वेज थाली की कीमत 26.7 रुपए थी। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत में पिछले महीने मई की तुलना में जून में 5.75 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली। मई में वेज थाली की कीमत 27.80 रुपए थी। वहीं मई 2023 में वेज थाली की कीमत 25.50 रुपए रही थी। वहीं नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 4 फीसदी गिरकर 58.30 रुपए हो गई है। पिछले साल जून 2023 में नॉन वेज थाली की कीमत 60.50 रुपए थी। हालांकि, मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4.29 फीसदी बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 55.90 रुपए थी। वहीं मई 2023 में वेज थाली की कीमत 59.90 रुपए रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, सालाना आधार पर टमाटर (30 फीसदी), आलू (59 फीसदी) प्याज (46 फीसदी ) की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वेज थाली की कॉस्ट में ये ग्रोथ देखने को मिली है। वहीं मंथली बेसिस पर टमाटर (29 फीसदी), आलू (9 फीसदी) और प्याज (15 फीसदी) की कीमतों में भी बढ़ोतरी रही है। क्रिसिल ने बताया कि सालाना आधार पर चावल (13 फीसदी) और दालों (22 फीसदी) की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है।

# विम्बलडन टेनिस: ब्रिटिश खिलाड़ी ने स्पेन की एलिस मर्टेंस को हराया

**लंदन, एजेंसी**

मेजबान ब्रिटेन की गैरवरीय खिलाड़ी एम्मा राडुकानु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां खेले जा रहे विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। 21 वर्षीय राडुकानु ने दूसरी बार इस टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में प्रवेश किया है, जहां उनका सामना यूनान की नौवीं वरीय खिलाड़ी मारिया साकारी से होगा। पूर्व यूएस चैंपियन राडुकानु ने महिला एकल के दूसरे दौर में स्पेन की गैरवरीय खिलाड़ी स्पेन की एलिस मर्टेंस को 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी। वहीं, एक अन्य मुकाबले में यूनानी खिलाड़ी मारिया साकारी ने नीदरलैंड्स की अरेनट्सा रस को 7-5, 6-3 से हराया।

**पुरुष एकल- मिनुएल की आसान जीत:** पुरुष एकल में ऑस्ट्रेलिया के नौवीं



वरीय खिलाड़ी एलेक्स डी मिनुएल ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए तीसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने स्पेनिश खिलाड़ी जैम एंटोनी मुनार को 6-2, 6-2, 7-5 से हराया। वहीं भारत के यूकी भाबंरी फ्रांसिसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी संग पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंचे। इस जोड़ी ने कजाकिस्तान की जोड़ी बुबलिक और शेवचेंको को हराया।

# प्रियांशु राजावत ने शुरुआती दौर में 8वीं वरीय गेमके को दी मात

**कैलगरी, कनाडा, एजेंसी**

भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने बुधवार रात को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए कनाडा ओपन बैडमिंटन के पुरुष एकल मैच के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राजावत ने अपने से ऊंची रैंकिंग और 8वीं वरीय डेनमार्क के रासमुस गेमके को 17-21, 21-16, 21-14 से हराया। महिला एकल में भारत की तान्या हेमंत और अनुपमा उपाध्याय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। तान्या ने कनाडा की जैकी डेंट को 21-13, 20-22, 21-14 से जबकि अनुपमा ने आयरलैंड की राचेल दर्राघ को आसानी से 21-11, 21-11 से हराया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# आयुष्मान को लेकर ताहिरा बोलीं.. मेरी लिखी किताबों से खुश नहीं थे

एक्टर आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप ने फिल्म शर्माजी की बेटी' से डायरेक्शन में डेब्यू किया है। इस फिल्म की स्टोरी भी ताहिरा ने खुद ही लिखी है। इसके अलावा वो कई बुक्स भी लिख चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान ताहिरा ने कहा कि आयुष्मान को उनकी लिखी बुक्स पसंद नहीं है। जबकि वो उनकी स्क्रिप्ट पढ़ना पसंद करती हैं। ताहिरा कश्यप ने 'द सिन्स ऑफ बीइंग ए मदर' और 'द 12 कमांडमेंट्स ऑफ बीइंग ए वूमन' किताब लिखी है। ताहिरा ने कहा- वह मेरी लिखी किताबों से बहुत खुश नहीं थे, लेकिन वे सबसे अच्छी थीं और काफी चली भी थीं। जबकि उसे वो ईश्वर की निंदा मानते हैं। ताहिरा की लिखी किताब 'द सिन्स ऑफ बीइंग ए मदर' बच्चों के पालन-पोषण की खुशियों के साथ-साथ चुनौतियों और निराशाओं के बारे में है। वह उस अपराध बोध के बारे में भी बात करती हैं, जो कई माताएं महसूस करती हैं और उन्होंने इसे कैसे दूर करना सीखा है। 'द 12 कमांडमेंट्स ऑफ बीइंग ए वूमन' में ताहिरा ने स्कूल में अपने पीरियड्स के बारे में झूठ बोलने, अठारह साल की उम्र में अपने होने वाले पति से प्यार करने, ट्रिपल डी ब्रा कप रखने के अपने जुनून, दुनिया की सबसे अजीबोगरीब डाइट लेने और चाइनीज खाने की वजह से गलती से गर्भवती होने की बात की है। ताहिरा ने कहा- आयुष्मान को भले ही मेरी लिखी किताबें पसंद नहीं आती हैं। जब उसे ईश्वर की निंदा कहते हैं तो मुझे बुरा भी लगता है। लेकिन हम दोनों एक दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं। मैंने उनकी सभी फिल्मों की स्क्रिप्ट पढ़ती हैं, मुझे पढ़ना काफी पसंद है। ताहिरा के डायरेक्शन में बनी फिल्म शर्माजी की बेटी हाल में ही प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इस फिल्म में भी उन्होंने महिला सशक्तिकरण की बात की है। इस फिल्म को देखकर आयुष्मान ने पत्नी ताहिरा की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प की सराहना की है।



# पूजा के साथ रिश्ते पर बोले रणवीर! मैं एक्ट्रेस के साथ सबसे बड़े स्कैंडल में था



हाल ही में रणवीर शौरी ने एक एक्ट्रेस के साथ अपने ब्रेकअप पर बात की है। रणवीर ने कहा कि एक एक्ट्रेस के साथ रिलेशनशिप में रहना उनकी लाइफ का सबसे बड़ा स्कैंडल बन गया था। रणवीर के इस बयान के बाद अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्होंने पूजा भट्ट के साथ अपने रिश्ते पर बात की है। एक वक्त पर एक्टर की पूजा के साथ लिंकअप की खबरें बहुत ज्यादा चर्चा में थीं। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में भी थे, लेकिन बाद में दोनों के रिश्ते में बहुत दूरी आ गई। बता दें, पूजा भी समय-समय पर रणवीर पर इस तरह के इल्जाम लगाती आई हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि रणवीर शराब पीने के बाद उन पर बहुत गुस्सा करते थे और फिजिकली भी अटैक करते थे। वहीं, रणवीर ने पूजा के इन आरोपों को झूठा करार किया था। उनका कहना था कि एक आम कपल के बीच झगड़े होते रहते हैं। लेकिन वो कभी भी अल्कोहलिक और अब्यूसिव लवर नहीं रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि पूजा और उनकी फैमिली उनका शोषण करती थी। बिग बॉस के हालिया एपिसोड में रणवीर ने कहा कि वो 2002 में लद्दाख में फिल्म लक्ष्य की शूटिंग कर रहे थे। एक दिन घर से कॉल आया कि उनकी मां की तबीयत ठीक नहीं है। लेकिन वो शूटिंग खत्म होने से पहले छुट्टी लेकर मां के पास नहीं जा सकते थे। उन्होंने बताया कि उस वक्त वो एक एक्ट्रेस के साथ सबसे बड़े स्कैंडल में फंसे हुए थे। इस बारे में उन्होंने कहा- उस वक्त मुझे एक एक्ट्रेस के साथ जिंदगी के सबसे बड़े स्कैंडल का भी सामना करना पड़ा था। मैं इस सिचुएशन से अकेले नहीं निकल सकता था। तब भाई ने कुछ समय के लिए मुझे अपने पास अमेरिका बुला लिया। फिर मैंने अमेरिका में 6 महीने रहकर एक्टिंग कोर्स किया। उस वक्त मेरा सारा खर्चा भाई ने उठाया था। वहां से लौटने के बाद मैंने 2005 में द ग्रेट इंडियन कॉमेडी शो की शूटिंग की। रणवीर ने आगे कहा- उस वक्त लंबे समय से रुकी हुई मेरी दो फिल्मों को रिलीज होने के लिए हरी झंडी मिल गई थी। एक हफ्ते के अंदर दोनों फिल्में रिलीज हो गईं और दर्शकों को मेरा काम पसंद आया। उन फिल्मों की सफलता के बाद मुझे लगा कि एक एक्टर के तौर पर मैंने खुद को स्थापित कर लिया है। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।



# जूही चावला ने ठुकराई थी 'दिल तो पागल है'

साल 1997 की फिल्म दिल तो पागल है जबरदस्त हिट रही थी, जिसमें शाहरुख खान के साथ माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर लीड रोल में थीं। हालांकि यश चोपड़ा चाहते थे कि फिल्म में करिश्मा नहीं बल्कि जूही चावला निशा का रोल निभाएं। उन्होंने जूही को फिल्म ऑफर भी की थी, लेकिन माधुरी दीक्षित से राइवलरी के चलते फिल्म ठुकरा दी थी। जूही ने कहा है कि उन्होंने ईगो प्रोब्लम के चलते फिल्म छोड़ी थी। एक पुराने इंटरव्यू में जूही चावला ने फिल्म दिल तो पागल है ठुकराने का कारण बताते हुए कहा था, हमने (जूही और माधुरी) एक साथ करियर की शुरुआत की थी। एक ही साल में उनकी तेजाब आई थी और मेरी कयामत से कयामत तक। हमारे पूरे करियर में हमें हमेशा एक दूसरे से मिलाया जाता था। हमेशा से ही ऐसा रहा था कि हम में से कोई एक नंबर वन था, तो कभी कोई दूसरा। ये सब लंबे वक्त तक चला था। आगे उन्होंने कहा, जब मैंने फिल्म डर में यश चोपड़ा के साथ काम किया तो वो चाहते थे मैं दिल तो पागल है में भी काम करूं। और वो माधुरी के साथ भी काम करना चाहते थे। वो चाहते थे मैं दूसरा (निशा का) रोल करूं। मुझे लगा मैं क्यों दूसरा रोल करूं। मेरी कुछ इनसिक्योरिटी और ईगो प्रॉब्लम थीं, तो मैंने फिल्म नहीं की। ये इकलौता मौका था, जब हम साथ काम कर सकते थे। जब जूही चावला ने फिल्म ठुकराई तो यश चोपड़ा ने उस रोल में करिश्मा कपूर को कास्ट किया था। इस फिल्म को 1998 में 11 फिल्मफेयर नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें से 7 कैटेगरी में फिल्म ने जीत हासिल की थी। करिश्मा कपूर को फिल्म के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेशनल और फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। भले ही जूही चावला और माधुरी दीक्षित फिल्म दिल तो पागल है में साथ काम नहीं कर सके, हालांकि दोनों साल 2014 की फिल्म गुलाब गैंग में साथ नजर आए हैं।

### पुल निर्माण कार्य के कंस्ट्रक्शन कंसल्टेंसी के लिए फर्जी तरीके से लिया टेंडर

# कंपनी और पीडब्ल्यूडी के अफसरों के खिलाफ ईओडब्ल्यू में एफआईआर




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** *मेसर्स एलएन मालवीय इंफ्रा प्रालि द्वारा कंस्ट्रक्शन कंसल्टेंट का टेंडर फर्जी दस्तावेजों और एनडीबी पीडब्ल्यूडी के अफसरों की मिली भगत से हासिल करने का मामला सामने आया है। यह टेंडर प्रदेश एवं जिला मार्गों पर पुल निर्माण के सुपर विजन कंसल्टेंसी जबलपुर-02 के कार्य के लिए कंस्ट्रक्शन कंसल्टेंट के लिए खोला गया था। जिसमें एलएन मालवीय इंफ्रा प्रालि को एलओए जारी किया गया था। बाद में कंपनी ने की-एक्सपर्ट भी बदल दिए थे। टेंडर शर्तों का उल्लंघन करते हुए 12.25 करोड़ का टेंडर 17.71 करोड़ का कर दिया गया। जिसमें कंसल्टेंट कंपनी को मार्च 2023 तक 26.11 करोड़ का भुगतान कर शासन को 13.86 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया जा चुका है। शिकायत जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने एनएल मालवीय मेसर्स एलएन मालवीय इंफ्रा प्रालि, एनडीबी एमपी पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन अफसर नरेंद्र कुमार, फाइनेंशियल एडवाइजर आरएन मिश्रा, असिस्टेंट इंजीनियर सजल उपाध्याय और सब इंजीनियर एमपी सिंह के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।*

जानकारी के मुताबिक इस गड़बड़ी के संबंध में जिंसी, मैदा मिल रोड भोपाल निवासी तहसीन खान द्वारा शिकायत की गई थी। जांच एजेंसी ईओडब्ल्यू ने 31 अक्टूबर 2023 को शिकायत रजिस्टर्ड की थी। जबलपुर यूनिट द्वारा मामले की जांच की गई थी। जांच में सामने आया था। टेंडर का न्यूनतम मूल्य 12.25 करोड़ था। लेकिन एनडीबी डायरेक्टर द्वारा कंसल्टेंट एनएल मालवीय को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्री-क्वालिफिकेशन के इंटरनल इवेल्युएशन के मापदंड अपने अनुसार तय कर दिए गए। यह मापदंड टेंडर में उल्लेखित नहीं थे। कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए यह टेंडर 17.71 करोड़ का आवंटित किया गया। कंपनी को मार्च 2023 तक 26.11 करोड़ का भुगतान कर शासन को 13.86 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया जा चुका है। हर माह 20 लाख से अधिक का भुगतान किया जा रहा है।

### रसीद एवं सीलें भी रहीं कूटरचित

मेसर्स एलएन मालवीय इंफ्रा प्रालि के पदाधिकारियों द्वारा संपूर्ण कूटरचित दस्तावेज लगाकर टेंडर प्राप्त किया गया था। टेंडर प्राप्त करने के लिए जिन की-एक्सपर्ट के सीवी लगाए गए थे उन्होंने कंपनी में कभी काम नहीं किया था। टेंडर मिलते ही उनके नाम हटा कर दूसरे लोगों के नाम शामिल किए गए थे। इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) की फर्जी रसीदें लगाई गईं थी। एग्रीमेंट के समय जिस नोटरी की सील एवं साइन का उपयोग किया कंपनी द्वारा 19 मई 2019 को किया गया वह भी फर्जी थे। क्योंकि नोटरी खलीउल्लाह खान का 22 जनवरी 2018 को निधन चुका था। उनके निधन के बाद सील और साइन का उपयोग किया गया। एनडीबी पीडब्ल्यूडी के पदाधिकारियों सजल उपाध्याय, एमपी सिंह, नरेंद्र कुमार और आरएन मिश्रा द्वारा यह सत्यापन नहीं किया गया कि कंपनी द्वारा फर्जी की-एक्सपर्ट सीवी लगाकर टेंडर प्राप्त किया गया है। उन्हें यह जानकारी थी की आईआरसी की रसीद फर्जी हैं। यह जानते हुए पदाधिकारियों ने कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए अधिक नंबर देकर टेंडर जारी कर दिया।

## शादी के एक साल बाद ही नव विवाहिता ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बिलखिरिया इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता ने शुक्रवार की सुबह घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने ऐसी कोई जानकारी नहीं दी, जिससे खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो सके। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक निकिता सिंह परिहार (25) मूलतः टीकमगढ़ की रहने वाली थी। एक साल पहले 29 मई 2023 को उसकी शादी डायमंड सिटी ट्रांसपोर्ट नगर, बिलखिरिया में रहने वाले दीपक परिहार के साथ हुई थी। दीपक प्रायवेट काम करते हैं। शुक्रवार की सुबह दीपक अपनी ड्यूटी पर चले गए थे, जबकि घर पर पत्नी निकिता और अन्य परिजन मौजूद थे। सुबह करीब 10 बजे घर के सभी लोग ग्राउंड फ्लोर पर बैठे हुए थे, जबकि निकिता नहाने का कहकर पहली मंजिल पर चली गई। जब वह काफी देर बाद भी नहीं लौटी तो घरवालों ने उसे फोन लगाया, लेकिन उसने फोन अटैंड नहीं किया। उसके बाद परिजन उसे देखने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा भीतर बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो अंदर निकिता सिंह फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मर्ग जांच के बाद ही फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**सफाई नदारद**




भोपाल। द्वारका नगर के पास नगर निगम की लापरवाही के कारण हालत बेहाल हैं। हर तरफ गंदगी ही गंदगी पड़ी है।

## नाबालिग का वीडियो वायरल करने वाला जेल गया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जहांगीराबाद इलाके में एक नाबालिग बच्ची का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली एक नाबालिग बच्ची कुछ दिनों पहले आईसक्रीम खरीदने के लिए ठेले पर पहुंची थी। इस दौरान ठेले वाले ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत की थी। उसकी इस हरकत को पास ही मौजूद एक व्यक्ति ने अपने कैमरे में कैद कर लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। करीब दो दिन बाद यह वीडियो बालिका के परिजनों तक पहुंचा तो वह बच्ची को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आइसक्रीम बेचने वाले आरोपी प्यारे खान उर्फ खालिद (52) के खिलाफ केस दर्ज कर उसे कालपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया था। इस मामले में घटना का वीडियो बनाने वाले रमेश नामक युवक को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसी ने वीडियो बनाने के बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया था। आरोपी के मोबाइल पर उक्त वीडियो पुलिस को मिला है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है।

## कोलार बस्ती से अवैध शराब सप्लाई, एक ट्रक माल बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहरी क्षेत्र के बस्ती वाले इलाकों में अवैध रूप से शराब बनाकर सप्लाई करने वाले नेटवर्क को आबकारी विभाग ने ध्वस्त किया है। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचुरा को मिली सूचना के बाद कंट्रोलर रामगोपाल भदोरिया की टीम ने कोलार के बस्ती वाले इलाकों में जाकर जांच की। सूचना मिली की गांधीनगर बस्ती में रहने वाली वंदना चौहान, संजू चौहान, विशाल बंजारा बाहर से झोपड़ी जैसा दिखने वाला एक निर्माण कर अंदर अवैध शराब बनाने का कारखाना चला रहे हैं। दरवाजा खुलवाकर जब परिसर की जांच की गई तो अंदर देसी तरीके से अवैध शराब बनाने का सिस्टम तैयार किया हुआ था। आबकारी टीम ने मौके से आरोपियों को गिरतार कर प्रकरण तैयार किया है। अवैध शराब बनाने के अन्य ठिकानों की जानकारी मिलने के बाद कजलीखेड़ा, कालापानी, कोलार तिराहा क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। मौके से लगभग एक ट्रक अवैध शराब बनाने की सामग्री बरामद हुई है।

## शराब के लिए अड़ीबाजी, युवक से मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



जहांगीराबाद इलाके में गुरुवार की रात घर के बाहर खड़े एक व्यक्ति के साथ बदमाश और उसके साथी ने शराब के लिए अड़ीबाजी की और रुपए नहीं देने पर मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी को बदमाशों ने धक्का देकर गिरा दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मुजीब कुरैशी (52) अफजल कालोनी जहांगीराबाद में रहते हैं और ड्रायवरी करते हैं।

गुरुवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने घर के बाहर खड़े हुए थे, तभी सादाब बांडिया अपने साथी जुनैद के साथ पहुंचा। दोनों शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे। मुजीब ने रुपए देने से इंकार किया तो वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शोर सुनकर मुजीब की पत्नी बीच-बचाव करने पहुंची तो बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। इस दौरान मोहल्ले वालों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। उसके बाद बदमाश छुरी मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना के बाद मुजीब ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई. पुलिस ने तत्काल ही इलाके की घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

**मेट्रो एंकर** | राजधानी में नहीं थम रहा ट्रेनों में चोरी का सिलसिला

# श्रीधाम एक्सप्रेस में सफर के दौरान महिला का हैंडबेग हुआ चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। श्रीधाम एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक महिला का हैंडबैग चोरी हो गया। ट्रेन में बैग तलाश करने के बाद बैग बाथरूम के पास मिला। उसमें से चांदी के गिलास और अन्य सामान बदमाशों ने निकाल लिया था। चोरी गए सामान की कीमत 28 हजार रुपए बताई गई है।**

जीआरपी के अनुसार जबलपुर निवासी रजनी खंडेलवाल तीन दिन पहले श्रीधाम एक्सप्रेस में ग्वालियर से जबलपुर की यात्रा कर रही थी। उन्होंने अपना हैंडबैग सीट पर रखा और सो गईं। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन निकलने के करीब दस मिनट बाद देखा तो उनका हैंडबैग चोरी हो गया था। बैग के अंदर चांदी के दो गिलास कीमती 13 हजार रुपए और एप्पल कंपनी का एयरफोन कीमती 15 हजार रुपए समेत अन्य सामान रखा हुआ था। बैग को तलाशते हुए वह बाथरूम के पास पहुंची तो उनका बैग मिल गया, लेकिन अंदर रखा सामान नहीं था।

### युवक के बैग से मोबाइल और पर्स चोरी



इंदौर से भोपाल की यात्रा कर रहे एक युवक के बैग से चोर मोबाइल फोन और पर्स चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक बीना निवासी रमन केथोरिया गुरुवार को वह इंदौर भोपाल एक्सप्रेस से इंदौर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना बैग सिर के पास रखा और सो गए। संत हिरदाराम नगर स्टेशन पहुंचने पर उनकी नींद खुली तो बैग चैक किया। बैग के अंदर रखा 20 हजार रुपए कीमत का मोबाइल और पर्स नहीं था। पर्स के अंदर नकद रुपए के अलावा ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड समेत अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चार्जिंग में लगा मोबाइल चोरी

मंगला एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक यात्री का चार्जिंग पर लगा मोबाइल फोन चोरी हो गया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार नासिक महाराष्ट्र निवासी राजू बाबूराव वाईकर पिछले दिनों मंगला एक्सप्रेस में नासिक से निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे थे। रात के समय उन्होंने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पाइंट पर लगाया और सीट पर सो गए। रात करीब पौने 3 बजे नींद खुली तो ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी और चार्जिंग पर लगा उनका मोबाइल चोरी हो चुका था। सूचना मिलते ही उनके पास पहुंची क्यूआईआरटी ने बयान लेने के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मोबाइल चोरी का केस दर्ज कर लिया। आरोपियों की तलाश की जा रही है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022